नई दिल्ली, 03 फरवरी (एजेन्सी)। प्रश्नकाल के दौरान मंत्री द्वारा हिन्दी भाषा में सवालों के जवाब देने को लेकर गुरुवार को लोक सभा में कांग्रेस नेता शशि थरूर और केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच तीखी बहस हुई।

दरअसल, गुरुवार को लोक सभा में प्रश्न काल के दौरान डीएमके सांसद के षणमुग सुंदरम और उन्ही की पार्टी के दूसरे सांसद पी. वेलुसामी ने नागर विमानन मंत्रालय से जुड़े कुछ सवाल पूछे, जिसके जवाब केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया लगातार हिंदी में दे रहे थे।

इस पर हस्तक्षेप करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर ने कहा कि मंत्री जी ( ज्योतिरादित्य सिंधिया ) तो अंग्रेजी में बोलते हैं, तमिलनाडु के सांसद सवाल पूछ रहे हैं, इसका जवाब तो अंग्रेजी में दे दीजिए। थरूर ने इसे लोगों का अपमान तक बता डाला। इस पर पलटवार करते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शशि थरूर से पूछा कि आपको हिन्दी में जवाब देने से क्या दिक्कत है। उन्होंने कहा कि अब इन लोगों को हिंदी बोलने पर भी आपत्ति हो रही है, जबकि सदन में इसके अनुवाद की भी व्यवस्था है।

## हम भविष्य के संघर्षो का ट्रेलर देख रहे : नरवणे



नई दिल्ली, 03 फरवरी (एजेन्सी)। सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने चीन और पाकिस्तान की ओर से पेश राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर गुरुवार को बड़ी बातें कहीं। सेना प्रमुख ने कहा कि भारत अभी भविष्य के संघर्षों की कुछ झलकियां देख रहा है।

जनरल नरवणे ने एक संगोष्ठी को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि भारत अलग तरह की, कठिन तथा बहु-स्तरीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है और उत्तरी सीमा पर घटनाक्रम ने पूरी तरह से तैयार और सक्षम बलों की जरूरत को रेखांकित किया है।

चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना सेना प्रमुख ने कहा कि परमाणु-सक्षम पड़ोसियों के साथ सीमा विवाद साथ ही राज्य प्रायोजित छद्म युद्ध ने सुरक्षा तंत्र एवं संसाधनों के समक्ष चुनौतियां बढ़ा दी हैं।

उन्होंने कहा, हम अभी भविष्य के संघर्षों की झलकियां देख रहे हैं। सूचना के क्षेत्र, नेटवर्क और साइबर स्पेस में भी हमें इसके सबूत दिखाई दे रहे हैं। विवादित सीमाओं पर भी ये सब दिखाई दे रहा है।

सेना प्रमुख ने कहा, इन झलकियों के आधार पर हमें भविष्य के लिए तैयार होना होगा।

यदि आप आस पास देखेंगे, तो आपको आज की वास्तविकता का एहसास होगा। सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तरी सीमा पर ताजा घटनाक्रम देश की संप्रभुता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीक वाले साजो-सामान से लैस सक्षम बलों की जरूरत को रेखांकित करते हैं।

## क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की अनुसंधान टीम ने की राज्यपाल से मुलाकात



**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 03 फरवरी। केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, गंगटोक ने अपनी अनुसंधान टीम के सदस्यों के साथ सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद से मुलाकात की।

अनुसंधान संस्थान गंगटोक के सहायक निदेशक (आयुर्वेद) ने आयुष मंत्रालय द्वारा कोविड-19 महामारी की रोकथाम एवं चिकित्सा प्रबंधन के लिए किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि सिक्किम में क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान कोविड -19 की रोकथाम एवं चिकित्सा के लिए उपयोगी औषधियों को अभियान के रूप में बड़े पैमाने पर वितरण कर रहा है।

इस अवसर पर संस्थान प्रमुख डॉ. श्रीप्रकाश एवं अनुसंधान अधिकारी डॉ. राहुल डी. घुसे ने राज्यपाल को आयुष मंत्रालय के तहत विभिन्न अनुसंधान परिषदों और राष्ट्रीय संस्थानों के माध्यम से आयुष चिकित्सा पद्धति के तहत आयुर्वेद चिकित्सा के संबंध में विस्तृत में चर्चा की।

डॉ. श्रीप्रकाश ने राज्यपाल को अवगत कराया कि कोविड-19 की रोकथाम एवं उपचार के लिए मुख्य रूप से अश्वगंधा टेबलेट 2 बार सुबह-शाम और संशमनी वटी/ टेबलेट जिसे गुडूची या गिलोय घन वटी नाम से भी जाना जाता हैं को 2 वटी/ टेबलेट 2 बार सुबह-शाम, भोजन के बाद हलके गरम पानी से सेवन करना चाहिए।

साथ में आयुष-रक्षा किट, आयुष-केयर किट, आयुष-बाल रक्षा किट का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा हैं। कोविड-19 संक्रमित को हलके (माइल्ड, माडरेट) लक्षण वाले रोगियों को आयुष 64 की 2 टेबलेट 3 बार हलके गरम जल से भोजन के बाद सेवन करने के लिए सेवना करना चाहिए। ये दवाएं पर्याप्त मात्रा में संस्थान में उपलब्ध हैं।

## एसकेएम सरकार केवल टोकन बांटने वाली सरकार नहीं है : मंत्री शर्मा



**अनुगामिनी नि.सं.**

गेजिंग, 03 फरवरी। गेजिंग बर्मेक निर्वाचन क्षेत्र के गेजिंग ओमचुंग ग्राम प्रशासन केंद्र के अंतर्गत विभिन्न वार्ड में सिक्किम गरीब आवास योजना के तहत निर्मित कुल 6 घर लाभार्थियों को सौंपा गया।

क्षेत्र विधायक तथा कृषि विभाग के मंत्री लोकनाथ शर्मा के हाथों इन घरों के उद्घाटन के बाद इन्हें मालबांसे निवासी टीका राम छेत्री, लोअर गेजिंग वार्ड के गोविंद शर्मा, लोअर ओमचुंग वार्ड के केशर सिंह छेत्री, मिडल गेजिंग वार्ड के रुद्र प्रसाद कार्की, नर बहादुर सुनवार और नर बहादुर कामी को हस्तांतरित किया गया।

सिक्किम गरीब आवास योजना के तहत 17 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित इन घरों में एक बैठक रूम, दो शयन कक्ष, रसोई, शौचालय, एलईडी टीवी, एक सेट सोफा, एक सेंटर टेबल, 3 आलमारी, 2 सिंगल बेड और एक डबल बेड भी दिया जाता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शर्मा ने कहा कि कोविड महामारी के समय भी गेजिंग बर्मेक निर्वाचन क्षेत्र में 110 गरीब आवास योजना घरों का निर्माण किया जा रहा है। अब तक 99 घरों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष घरों का निर्माण कार्य आगामी मार्च महीने तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसकेएम सरकार केवल टोकन बांटकर जनता को लुभाने वाली सरकार नहीं है।

इसके साथ ही उन्होंने इस निर्वाचन क्षेत्र में सड़क, नगर पंचायत गेजिंग में 80 ब्लाक की हाउजिंग, गेजिंग बाजार को पीने का पानी, सामुदायिक भवन, शापिंग माल, लेगसेप में राक क्लाइमिंग प्रशिक्षण केंद्र, कालेज नदी में मिनी गोवा निर्माण आदि के बारे में जानकारी दी।

दूसरी ओर मंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य के नागरिकों को सरकार घर निर्माण कर दे रही है। उन्होंने किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर सिक्किम राज्य बैंक के अध्यक्ष डीबी गुरुंग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अध्यक्ष हरिनारायण सुवेदी, खंड विकास अधिकारी मुकेश दाहाल के साथ ही पंचायत और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# ग्रोथ का बजट

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव करीब हैं, इसलिए यह आम सोच थी कि बजट लोकलुभावन होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच को गलत साबित किया है। बजट का फोकस सरकारी खर्च बढ़ाकर आर्थिक विकास दर तेज करने पर है, जिसकी जरूरत भी थी। इसलिए यह ग्रोथ का बजट है, बोल्ड बजट है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023 में कैपिटल एक्सपेंडिचर में 35.4 फीसदी की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है। यह बहुत बड़ा फैसला है, लेकिन इससे महंगाई दर बढ़ेगी। वित्त मंत्री ने वित्त वर्ष 2023 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 6.4 फीसदी रखा है, जो इससे पिछले साल में 6.8 फीसदी रहा। यह भी ठीक है। अभी आर्थिक रिकवरी को मजबूत बनाने की जरूरत है, इसलिए आने वाले वर्षों में राजकोषीय घाटे को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। पीएम गति शक्ति के जरिये वित्त मंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने का एलान किया। यह भी अच्छा कदम है।

सरकार कुछ समय से पीएलआई स्कीम के जरिये 14 क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दे रही है। यह आत्मनिर्भर भारत के अजेंडा के साथ निर्यात बढ़ाने में भी कारगर हुआ है। रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर भारत के अजेंडा को सरकार ने आगे बढ़ाया है। वित्त मंत्री ने बजट में क्रिप्टोकरंसी पर भी निवेशकों की उलझन दूर कर दी। उन्होंने इससे हुए मुनाफे पर 30 फीसदी टैक्स लगाने का प्रस्ताव रखा। वित्त वर्ष 2023 में रिजर्व बैंक डिजिटल करंसी लाएगा, इसका ऐलान भी निर्मला सीतारमण ने किया। इन दोनों बातों से लगता है कि सरकार ने क्रिप्टोकरंसी को एक एसेट तो मान लिया है, लेकिन वह इन्हें बढ़ावा नहीं देना चाहती। पर्सनल इनकम टैक्स की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया, वैसे, अगर इसमें राहत दी गई होती तो उससे खपत बढ़ाने में मदद मिलती।

खासतौर पर यह देखते हुए कि हाल के वर्षों में मध्य वर्ग की आय में भी कमी आई है और आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। यहां तक कि समृद्ध तबके को भी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेंस टैक्स पर सरचार्ज घटाकर राहत दी गई है। निम्न-मध्यम आय वर्ग के लिए हाउसिंग सेक्टर में सौगात दी गई है। कृषि क्षेत्र के लिए एमएसपी पर रेकॉर्ड खरीद की बात वित्त मंत्री ने की, लेकिन किसी और राहत का एलान नहीं किया। विनिवेश के लिए भी लक्ष्य 65 हजार करोड़ का ही रखा गया है, जो कम है, लेकिन इस मामले में सरकार के खराब रेकॉर्ड को देखते हुए ठीक लगता है। वित्त मंत्री ने इस मामले में यह जरूर कहा कि कुछ महीनों में एलआईसी का आईपीओ आएगा। इधर, रोजगार का मुद्दा भी राजनीतिक रंग ले रहा है। इस मामले में बजट को देखकर लगता है कि सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर से बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होने की उम्मीद कर रही है। कुल मिलाकर, सरकार ने बजट के साथ एक रिस्क लिया है। देखना होगा कि यह कैसा रिटर्न देता है।

## संपादकीय पृष्ठ

# धर्म के नाम पर अधर्म का व्यवसाय?



**निर्मल रानी**

गौपालन को हमारे देश में शताब्दियों से 'गौधन ' अथवा 'पशुधन ' के रूप में देखा जाता रहा है। खेती किसानी करने वालों के लिये तो गौपालन कृषि के सहयोगी व्यवसाय का एक प्रमुख हिस्सा माना जाता था। परन्तु खेती बाड़ी में भी आधुनिक व उन्नत कृषि साधनों के बढ़ते प्रयोग के चलते धीरे धीरे गाय-बैलों का इस्तेमाल कम होता गया। हल-बैल की जगह ट्रैक्टर्स ने ले ली, बैलगाड़ी की जगह ट्रैक्टर ट्रॉलियां चलने लगीं,तो ज़ाहिर है गोवंश के महत्व व उसकी उपयोगिता में कमी आ गयी। परन्तु इसी के साथ साथ गोवंश का हिन्दू धर्म में धार्मिक महत्व होने के चलते यहाँ तक कि हिन्दू धर्म में गाय को 'माता' के रूप में स्वीकार किये जाने के चलते इसके प्रति आम हिन्दुओं की धार्मिक भावनायें भी जुड़ी हुई हैं । और भावनाओं की राजनीति करने में देश की सबसे माहिर भारतीय जनता पार्टी इस तरह के मुद्दों को न केवल भुनाती आई है बल्कि गौवंश की सुरक्षा के नाम पर अपने विपक्षियों पर भी हमलावर होती रही है।

परिणाम स्वरूप जिस तरह पिछले दिनों भोपाल के निकट बैरसिया तहसील में कथित रूप से एक भाजपा नेत्री की गोशाला में व इसके इर्द गिर्द के खुले मैदान एवं खेतों में सैकड़ों गायों के सड़ते हुये शव व गोवंश के कंकाल पाये गये हैं इसी तरह की अनेकानेक घटनायें भाजपा व सत्ता के संरक्षण में चलने वाली अनेक गौशालाओं में पहले भी हो चुकी हैं।सत्ता संरक्षण में चलने वाली इन गौशालाओं में पाई जाने वाली अनियमिता,भ्रष्टाचार व क्रूरता के बावजूद सरकार पर ऐसे गौशाला संचालकों को बचाने व इनका सहयोगी बनने का भी आरोप लगता रहा है। इसका केवल एक ही कारण है कि गौमाता का बखान करने व इसे गौमाता के रूप में आम लोगों की भावनाओं से जोड़ने वाली भाजपा व इसकी सरकारों में गौवंश संरक्षण के लिये न तो कोई स्पष्ट नीति है न ही नीयत। देश के अधिकांश राज्यों विशेषकर उत्तर भारत के राज्यों में किसान छुट्टा व बेलगाम घूमने वाले इन पशुओं से कितना परेशान हैं यह वही जानते हैं। एक तरफ़ तो घाटे की खेती बाड़ी करता किसान,बीज,बिजली,तेल, खाद आदि की आसमान छूती क़ीमतों के बावजूद केवल खेती की परंपरा निभाता छोटा व मध्यम किसान अपनी फ़सल को इन बेलगाम छुट्टा पशुओं से बचाने के लिये दिन-रात कैसे अपनी फ़सल की रखवाली करता है यह उस राजनैतिक वर्ग को नहीं पता जो गाय के नाम का प्रयोग केवल हिन्दू समाज के लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिये करते हैं। छुट्टा गौवंश से जो किसान दुखी हैं या जिनकी तैयार फ़सलें ये पशु चर जाते हैं वे भी तो अधिकांशत: हिन्दू ही हैं ? वे भी तो गाय को माता ही मानते हैं ?

सरकार की गौवंश के प्रति अदूरदर्शी नीतियों का ही परिणाम है कि आज प्रतिदिन पूरे देश में सैकड़ों दुर्घटनायें इन्हीं छुट्टे जानवरों के कारण हो रही हैं। कई बार भीड़ भरे चौराहों व सड़कों पर सांडों का संघर्ष होते व इसके कारण कारों व अन्य वाहनों को दुर्घटनाग्रस्त होते व टूटते देखा गया है। सड़कों व चौराहों के बीचोबीच बैठना इन जानवरों की फ़ितरत है जिसका ख़ामियाज़ा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। कई राज्यों में सरकार ने बिजली के मीटर घरों के बाहर और अधिकांशतय: बिजली के खंबों पर ही लगवा दिये हैं। प्राय: गोवंश इन बिजली मीटरों से अपनी सींग व सिर रगड़ते दिखाई देते हैं। नतीजतन बिजली के मीटर तो क्षतिग्रस्त होते ही हैं साथ साथ इन पशुओं को करेंट लगने का ख़तरा भी बना रहता है।परन्तु तथाकथित गौवंश प्रेमियों की नज़र इस ज़मीनी हक़ीक़त की ओर कभी नहीं जाती। देश और राज्यों की राजधानियों में बैठ कर गाय के प्रति प्रेम दर्शाने वालों को उन करोड़ों किसानों से इस समस्या को लेकर भुक्तभोगी देशवासियों से भी तो संवाद स्थापित करना चाहिये।

वैसे भी केंद्र सरकार का गोवंश प्रेम उस समय और भी हास्यास्पद प्रतीत होता है जब गौमाता के संरक्षण का दावा करने वाली इसी सरकार के गृह राज्य मंत्री किरण रिजुजू गौ भक्षण की पैरवी करते हों और स्वयं भी गौमांस खाने की बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हों। ग़ौर तलब है कि जब केंद्रीय मंत्री मुख़्तार अब्बास ने संभवत: अपने आक़ाओं को ख़ुश करने के लिये अपने एक बयान में यह कहा था कि-' अगर कुछ लोग बीफ़ खाने के लिए मरे जा रहे हैं तो यहां (भारत में ) उन्हें यह नहीं मिलेगा। वे पाकिस्तान, किसी अरब देश या दुनिया के अन्य किसी भी हिस्से में जाकर बीफ़ खा सकते हैं।' नक़वी के इसी 'निर्देश ' का जवाब इसी मंत्रिमंडल के गृह राज्य मंत्री किरण रिजुजू ने इन शब्दों में दिया था कि - 'मैं गोमांस खाता हूं, क्या कोई मुझे ऐसा करने से रोक सकता है'। गृह राज्य मंत्री ने उसी समय यह भी कहा था कि -'हमें एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में सभी लोगों की संस्कृति, परंपराओं, आदतों और भावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। इस मुद्दे को लेकर ज़्यादा संवेदनशील होने की ज़रूरत नहीं है। हमारा देश लोकतांत्रिक है, कभी-कभार कुछ लोग ऐसे बयान देते हैं, जो स्वीकार्य नहीं'। नक़वी को दिये गये किरण रिजुजूके इस जवाब से तो यह स्पष्ट हो ही जाता है कि राष्ट्रीय गौनीति को लेकर ही सरकार में मतभेद स्पष्ट है।

पिछले दिनों दिल्ली विश्वविद्यालय से संबध दिल्ली के प्रसिद्ध व प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज के सैकड़ों छात्रों द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्ध इसलिये प्रदर्शन किया गया क्योंकि सरकार हंसराज कॉलेज में महिला छात्रवास हेतु चिन्हित किये गये स्थान पर गौशाला व गौ अनुसन्धान केंद्र खोलने की योजना बना रही है। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि सरकार की प्राथमिकता छात्राओं के लिये छात्रावास होना चाहिये न कि विश्वविद्यालय परिसर में गौशाला व गौ अनुसन्धान। परन्तु सरकार की योजनाओं में गौशाला व गौ अनुसन्धान केंद्र व साथ साथ गऊ से प्राप्त सामग्री से हवन-पूजा आदि करने जैसे प्रावधान भी शामिल हैं। सरकार द्वारा गौवंश प्रेम का ढिंढोरा पीटना और साथ ही इसे लेकर दोहरी नीति अपनाना साथ साथ गाय के नाम पर लोगों की भावनाओं को भड़काकर उसका राजनैतिक लाभ उठाना और गोशाला व गौपालन के नाम पर राष्ट्रव्यापी लूट करने वालों को कथित रूप संरक्षण देना इस नतीजे पर पहुँचने के लिये काफ़ी है कि यह सब धर्म के नाम पर हो रहा अधर्म का व्यवसाय मात्र ही है ?

# पीएम के विजन की झलक

**आचार्य पवन त्रिपाठी**

बजट किसी भी देश की नीति और आर्थिक व्यवस्था को नई दिशा देने का काम करता है।

बजट 2022 बड़े विजन और संकल्प को लेकर नये विश्वास और अवसरों के साथ पेश किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक समृद्धि की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस वर्ष का बजट सबका साथ-सबका विकास की यात्रा को आत्मनिर्भर भारत की ओर ले जाएगा। यह बजट केवल बजट नहीं है, बल्कि भविष्य के भारत के अमृत काल का विजन पत्र भी है।

इंडिया 75 से इंडिया 100 की दिशा में मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में देश आगे बढ़े, इसका रोडमैप बजट 2022 में स्पष्ट नजर आता है। देश के चौमुखी विकास की दिशा में यह बजट मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, ढांचागत विकास और निवेश के लिए आदर्श अवसर लेकर आएगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ग्रोथ-ओरिएंटेड बजट पेश किया है, जिसके चार मुख्य स्तंभ हैं- प्रोडक्टिविटी, क्लाइमेट एक्शन, फाइनेंसिंग इंवेस्टमेंट और पीएम गतिशक्ति योजना। प्राइवेट इंवेस्टमेंट और विकास को बढ़ावा देने के लिए बजट में पूंजीगत खर्च को 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 7.50 लाख करोड़ रु पये किया गया है। बजट घोषणाओं में इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर और कैपिटल एक्सपेंडिचर के विस्तार पर फोकस किया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान रिजर्व बैंक डिजिटल करंसी की शुरुआत करेगा जिसे डिजिटल रुपये का नाम दिया जाएगा। हाल ही में कोऑपरेटिव मंत्रालय का भी गठन किया गया है। कोऑपरेटिव सेक्टर को मजबूती देते हुए कोऑपरेटिव सोसायटी, जिनकी आमदनी 1 से 10 करोड़ रुपये के बीच है, पर सरचार्ज को 12 से घटाकर 7 फीसदी किया गया है। डिफेंस सेक्टर के लिए बड़ा ऐलान हुआ है। डिफेंस सेक्टर में कैपेक्स का 68 फीसदी हिस्सा भारतीय कंपनियों के लिए सुरक्षित होगा। यह मेक इन इंडिया की सोच और नीति को मजबूती के साथ लागू करने की दिशा में बड़ा फैसला है।

प्रधानमंत्री मोदी के विजन की झलक बजट में साफ-साफ नजर आती है। मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवन्रेस के प्रति सरकार प्रतिबद्ध है। इसी सोच के अनुरूप 1,486 यूनियन कानूनों के निरस्त होने के साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस 2.0 लॉन्च किया जाएगा। विश्वास और आत्मविश्वास आधारित सरकार को आगे ले जाने की सोच को आगे बढ़ाया जाएगा। पीएम ई-विद्या के वन क्लास-वन टीवी चैनल प्रोग्राम को 12 से बढ़ाकर 200 टीवी चैनलों तक विस्तृत किया जाएगा। सभी राज्यों को इससे कक्षा 1 से 12 तक क्षेत्रीय भाषाओं में पूरक शिक्षा देने में मदद मिलेगी। राज्यों को कृषि विश्वविद्यालयों का पाठ्यक्रम संशोधित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि प्राकृतिक, जीरो-बजट और ऑर्गेनिक फार्मिंग के साथ आधुनिक दौर की खेती की जरूरतों को पूरा किया जा सके। कोरोना काल में शिक्षा जगत में आए बदलावों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा बजट को 93,224 करोड़ से बढ़ाकर 1.04 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जो लगभग 12 फीसदी की बढ़ोतरी है। ऑनलाइन शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय खोलने का भी प्रावधान बजट में किया गया है।

पीएम गतिशक्ति योजना जैसी ऐतिहासिक पहल विकास एवं प्रगति को नई रफ्तार देगी। गतिशक्ति योजना के तहत अगले 3 सालों में नई पीढ़ी की 100 वंदे भारत ट्रेनें विकसित की जाएंगी। वहीं इस दौरान 100 नये कार्गो टर्मिनल भी बनाए जाएंगे। स्थानीय कारोबार को बढ़ावा देने के लिए एक स्टेशन, एक उत्पाद की सोच को बढ़ावा दिया जाएगा। पीपीपी मॉडल से रेलवे का विस्तार किया जाएगा। 100 गतिशक्ति टर्मिनल बनाए जाएंगे। इसके अलावा, हाइवे विस्तार पर 20 हजार करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा और 25,000 किमी. प्रति वर्ष सड़क निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री सड़क योजना को भी 36 फीसदी बढ़ाया गया है।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों को नेशनल पेंशन स्कीम में योगदान पर 14ञ्तक की टैक्स राहत मिलती है, जबकि राज्य सरकार के कर्मचारियों को 10 प्रतिशत। इसमें बदलाव करते हुए राज्य सरकार को भी 14 प्रतिशत टैक्स राहत देने का फैसला किया गया है। इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तरह एनपीएस में योगदान पर टैक्स छूट मिलेगी। कोरोना काल में आई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आयकर में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। पीएम आवास योजना के लिए 48,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस योजना के तहत 80 लाख नये मकान बनाए जाएंगे। हर घर नल से जल परियोजना को भी तेजी से लागू करने का संकल्प लिया गया है। इसके तहत 60 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। घर-घर अपनी छत से देश के गरीबों के स्वाभिमान और आत्मसम्मान को नई ताकत मिलेगी। ईज ऑफ लिविंग को ध्यान में रखकर योजनाओं को लागू किया जाएगा और उसी सोच को बजट में भी सुनिश्चित किया गया है। आकांक्षी जिलों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने की बात हो या सीमावर्ती गांवों को देश की विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने की सोच, बजट में देश की समृद्धि और सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया गया है। एनसीसी के विस्तार और देश की युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण में भूमिका के रूप में भी पहली बार योजनाबद्ध किया गया है। किस प्रकार देश के वित्त को समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए उपयोग में लाया जा सकता है, यही इस बजट की विशेषता है। कहना न होगा कि यही कारण है कि चारों ओर इस बजट को अभूतपूर्व स्वीकार्यता मिली है।

कुल मिलाकर यह बजट समावेशी एवं भविष्यवादी है, जिसे युवाओं, महिलाओं, किसानों और जवानों, सभी के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। समाज के सभी वगरे को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का संकल्प बजट के हर पहलू में स्पष्ट नजर आता है। यह आत्मनिर्भर बजट देश की आर्थिकी को नया विस्तार देगा और आधुनिक भारत के निर्माण की आधारशिला बनेगा।

# कितना बजट पहुंचेगा गांव तक

**योगेंद्र के. अलघ**

अच्छी बात है कि आम बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को पहचाना गया है। इसके लिए सरकार पर दबाव भी था। मिलेट्स या मोटे अनाज का जो कार्यक्रम है, वह भी बहुत अच्छा है। मोटे अनाजों का उपयोग गरीबों के भोजन के अलावा कच्चे माल के लिए भी हो सकता है, जैसे मक्का से स्टार्च बनता है। नदियों को जोड़ने की योजना ठीक है, लेकिन जो क्षेत्र प्रभावित होंगे या जिन क्षेत्रों को लाभ होगा, उनकी फसलों के बारे में भी सोचकर चलना चाहिए। सहकारी समितियों या कंपनियों को कॉरपोरेट के समान टैक्स लाभ दिया गया है। हालांकि, देखना पडेगा कि कृषि सहकारी समितियों को भी टैक्स लाभ देंगे या नहीं ? कृषि कंपनियों को भी पूरी सुविधा मिलनी चाहिए, ताकि उनकी मजबूती से किसानों को लाभ हो।

महामारी के समय बजट में वित्तीय घाटा स्वाभाविक है, लेकिन इससे घबराना नहीं चाहिए। गांवों की अनेक समस्याओं को खास संबोधित नहीं किया गया है। इस समय लोग बड़ी संख्या में अपने गांव और घर में हैं, कोई घर बनवा रहा है, तो कोई अपने लिए एक और कमरा। ऐसे में, निर्माण सामग्री के लिए कुछ व्यवस्था करनी चाहिए थी। आयात शुल्क को बदला गया है, कृषि उपकरणों में इससे फायदा होगा। एक बदलाव यह देखने में आया है कि पहले वार्षिक योजना में जो बातें होती थीं, अब वह बजट में होने लगी हैं। 25 साल की योजना बनानी है, बहुत अच्छी बात है, लेकिन योजना आयोग को तो आपने बंद कर दिया है, यह काम कैसे होगा, कौन करेगा ?

बजट से परे अगर हम देखें, तो कृषि और ग्रामीण सुधार के लिए अनेक कदम उठाने की जरूरत है। जिला कलक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए जाने चाहिए कि आंशिक लॉकडाउन या अन्य कारणों से भी किसानों को कृषि गतिविधियों या परिवहन से कहीं न रोका जाए। नासिक से मुंबई की मिल्क ट्रेन हो और मेहसाणा से सूरत से आगे तक की दूध, सब्जियों और फलों की ट्रेन को फिर से शुरू करने की जरूरत है। कृषि विशेषज्ञ रमेश चांद बार-बार कहते रहे हैं कि व्यापार तभी होगा, जब परिवहन होगा। परिवहन में अड़चन की वजह से किसानों को कम से कम नुकसान पहुंचे, यह ध्यान रखना चाहिए।

किसान अभी भी खुश नहीं हैं, क्योंकि उनसे किए गए वादे पूरे नहीं हुए हैं। एक कोशिश रही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य बंद हो जाए। सरकार में ऐसे सलाहकार हैं, जो लगातार कहते हैं कि एमएसपी बंद कर दो। जहां अच्छा पानी है, मिट्टी उपजाऊ है, वहां तो फसलों का विविधीकरण होना ही चाहिए। इसका समर्थन मैं भी करता हूं। पर इसका मतलब यह नहीं है कि पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान की खेती न की जाए। यह तो बिल्कुल वैसे ही है कि आप गुजरात से कहें कि आप मूंगफली की खेती सौराष्ट्र में नहीं करने देंगे। फसल के विविधीकरण का मतलब यह नहीं कि क्षेत्र की जो प्रमुख अनुकूल फसल है, उसे भी आप बदल दें। ऐसी गलती से बचना चाहिए। पंजाब और अन्य जरूरतमंद राज्यों में आपको न्यूनतम समर्थन मूल्य ठीक से देना ही चाहिए। दूसरी जगहों पर बाजार की मदद चाहिए, तो उसके लिए यथोचित तैयारी होनी चाहिए। जैसे गुजरात में तेलहन की खेती होती है। गुजरात के ऊंझा से दुनिया भर में ईसबगोल जाता है। नासिक में अंगूर की खेती होती है, तो इसके प्रोत्साहन के लिए तैयार रहना चाहिए। जहां-जहां किसानों के लिए परिवहन अभी रुका हुआ है, उसके बारे में जल्दी प्रशासनिक फैसला लेने की जरूरत है।

हम देख रहे हैं कि सही तुलना का अभाव हो रहा है। जैसे बजट अनुमान को संशोधित अनुमान में कम कर दिया जाता है, क्योंकि सरकार के पास साधन नहीं होते हैं। अब तो बजट में पांच-पांच साल के लिए अनुमान किए जाने लगे हैं। एक साल का भी जो वादा होता है, उसका क्रियान्वयन नहीं हो पाता है, क्योंकि साधन नहीं होता। पिछले साल के संशोधित अनुमान के साथ तुलना होती है, सवाल यह है कि पिछले साल के बजट की तुलना में क्या बढ़ाया जा रहा है। संशोधित अनुमान में तो किसी भी समय कमी की जा सकती है। आर्थिक सर्वेक्षण देखें, तो पूंजी निर्माण कमोबेश स्थिर है। जो निर्धारित बजट है, उस हिसाब से खर्च नहीं होता है। बजट को मंजूरी मिलते जुलाई का महीना आ जाता है और जब खर्च शुरू होता है, तब अगले बजट की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। बजट में पैसे जो जारी होते दिखते हैं, संशोधित अनुमान के स्तर पर कम हो जाते हैं। सरकार के पास पैसा कम पड़ने की चर्चा अलग है, यहां मुख्य बात यह है कि सरकार की प्राथमिकताएं क्या हैं ? क्या गांव या कृषि के लिए पैसा कम पड़ रहा है ?

यह भी कह दिया जाता है कि बैंकों से धन ले लीजिए। बजट के समय बैंक भी बोल रहे हैं कि हम ऋण देंगे, लेकिन कैसे ? मैंने एक बैंक मैनेजर से पूछा कि ऋण कहां से दोगे ? मैनेजर ने जवाब दिया कि बजट के समय में वित्त मंत्री के विपरीत बात क्यों करें ? जब कोई कर्ज मांगने आएगा, तब तो हमें बैंकिग के नियमों की पालना करनी है। बाद में पब्लिक अकाउंट कमेटी सवाल करती है कि आपका दिया कर्ज कैसे डूब गया, सोच-समझकर कर्ज क्यों नहीं दिया था ? ऐसे में, अगर मैनेजर जवाब न दें, तो नौकरी चली जाएगी। हम झूठ भी नहीं बोलते, जो तमाम शर्तों को पूरी करता है, उसे हम कर्ज देते हैं।

वैसे इतने सारे कागज किसानों के पास होते नहीं हैं। भूमि से जुड़े बहुत सारे कागज फर्जी भी होते हैं। अत: बजट में भूमि रिकॉर्ड के डिजिटलाइजेशन की जो बात कही गई है, वह एक अच्छा फैसला है। यह गुजरात और कर्नाटक में हो चुका है। अन्य जगहों पर भी होगा, तो बड़ी उपलब्धि होगी। हम जानते हैं कि भूमि रिकॉर्ड के अभाव और बेईमानी की वजह से लोग एक-दूसरे की हत्या तक कर देते हैं, तो तमाम राज्यों में जब भूमि रिकॉर्ड दुरुस्त रहेगा, तो इससे ग्रामीण परिवेश भी सुधरेगा। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# सर्दियों में आपकी सेहत



इन सर्दियों में यदि आप अपनी सेहत बनाने की सोच रहे हैं तो सबसे पहले पेट साफ करने की जरूरत है। पेट में कब्ज रहेगा तो कितने ही पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें, लाभ नहीं होगा। भोजन समय पर तथा चबा-चबाकर खाना चाहिए, ताकि पाचन शक्ति ठीक बनी रहे, फिर पौष्टिक आहार या औषधि का सेवन करना चाहिए। आचार्य चरक ने कहा है कि पुरुष के शरीर में वीर्य तथा स्त्री के शरीर में ओज होना चाहिए, तभी चेहरे पर चमक व कांति नजर आती है और शरीर पुष्ट दिखता है। हम यहाँ कुछ ऐसे पौष्टिक पदार्थों की जानकारी दे रहे हैं, जिन्हें किशोरावस्था से लेकर युवावस्था तक के लोग सेवन कर लाभ उठा सकते हैं और बलवान बन सकते हैं-

- सोते समय एक गिलास मीठे गुनगुने गर्म दूध में एक चम्मच शुद्ध घी डालकर पीना चाहिए।
- दूध की मलाई तथा पिसी मिश्री जरूरत के अनुसार मिलाकर खाना चाहिए, यह अत्यंत शक्तिवर्द्धक है।
- एक बादाम को पत्थर पर घिसकर दूध में मिलाकर पीना चाहिए, इससे अपार बल मिलता है। बादाम को घिसकर ही उपयोग में लें।
- छाछ से निकाला गया ताजा माखन तथा मिश्री मिलाकर खाना चाहिए, ऊपर से पानी बिलकुल न पिएँ।
- 50 ग्राम उड़द की दाल आधा लीटर दूध में पकाकर खीर बनाकर खाने से अपार बल प्राप्त होता है। य ह खीर पूरे शरीर को पुष्ट करती है।
- प्रातः एक पाव दूध तथा दो-तीन केले साथ में खाने से बल मिलता है, कांति बढ़ती है।



- एक चम्मच असगंध चूर्ण तथा एक चम्मच मिश्री मिलाकर गुनगुने एक पाव दूर के साथ प्रातः व रात को सेवन करें, रात को सेवन के बाद कुल्ला कर सो जाएँ। 40 दिन में परिवर्तन नजर आने लगेगा।
- सफेद मूसली या धोली मूसली का पावडर, जो स्वयं कूटकर बनाया हो, एक चम्मच तथा पिसी मिश्री एक चम्मच लेकर सुबह व रात को सोने से पहले गुनगुने एक पाव दूध के साथ लें। यह अत्यंत शक्तिवर्धक है।
- सुबह-शाम भोजन के बाद सेवफल, अनार, केले या जो भी मौसमी फल हों, खाएँ।
- सुबह एक पाव ठंडे दूध में एक बड़ा चम्मच शहद मिलाकर पीने से खून साफ होता है, शरीर में खून की वृद्धि होती है।
- प्याज का रस 2 चम्मच, शहद 1 चम्मच, घी चौथाई चम्मच मिलाकर सेवन करें और स्वयं शक्ति का चमत्कार देखें। यह नुस्खा यौन शक्ति बढ़ाने में अचूक है। ऊपर वर्णित नुस्खे स्त्री-पुरुष दोनों के लिए समान हैं। इन्हें अनुकूल मात्रा में उचित विधि से सुबह-रात को सेवन करना चाहिए।
- भोजन में घी, दूध, चावल, उड़द, नारियल, मलाई, मक्खन, शहद, मौसमी फल, हलवा, हरी साग-भाजी, टमाटर, गाजर, आँवला आदि का सेवन करना चाहिए।
- सर्दियों में बादाम का हलवा, दूध में पकाया हुआ छुहारा, मीठा अनार, प्याज का रस, नारियल की गिरी और दूध की खीर, उड़द दाल का लड्डू, गन्ना रस, सौंठ और काली मिर्च तथा मैथी का लड्डू बहुत फायदेमंद है। योग्य वैद्य की सलाह अवश्य लेनी चाहिए, ताकि अपने शरीर के अनुकूल पथ्य-अपथ्य का चयन किया जा सके।
- चिकनाईयुक्त, मधुर, लवण और अम्ल रस वाले पदार्थ का सेवन करके अपना स्वास्थ्य बनाए रखें। बासी, दुर्गंधयुक्त, अधिक चटपटे मसालेदार खानपान से बचना ही श्रेयस्कर है।
- ठीक समय पर, चबा-चबाकर प्रसन्नतापूर्वक भोजन करना चाहिए। भोजन के पूर्व नीबू पानी और भोजन के पश्चात छाछ पीना लाभदायक होता है।
- इस ऋतु में रूखे, कटु-तिक्त-कषाय, अति शीतल और वात प्रधान भोज्य पदार्थ न खाएँ । अन्यथा जोड़ों के दर्द, गठिया और सायटिका से पीड़ित हो सकते हैं। इसी प्रकार अधिक खटाई से भी बचें, ताकि खाँसी-सर्दी, जुकाम, नजला आदि से बचाव हो सके। नीबू और ताजा दही वर्जित नहीं है।
- शीतऋतु में अधिक देर तक भूखे न रहें, क्योंकि जठराग्नि की प्रबलता के कारण यथासमय भोजन नहीं करने से यह अग्नि शरीर की धातुओं को जला डालती है, जिससे जीवन-शक्ति का क्षय होता है।
- सेहत बनाने के लिए प्रतिदिन स्नान भी जरूरी है। कुछ लोग ठंड के डर से कई दिन तक नहाते नहीं, यह उचित नहीं। पानी कुनकुना कर लेना चाहिए। अत्यधिक ठंडा और अधिक गर्म पानी नुकसान पहुँचाता है।
- मल-मूत्र विसर्जन में आलस्य नहीं करना चाहिए। रात को सिर ढँककर सोना भी उचित नहीं होता।

# स्वस्थ रहने के आसान उपाय



सुबह जल्दी उठो और 4- 6 किलोमीटर रोज टहलो। संभव हो तो शाम को भी थोड़ा टहलो। टहलते समय नाक से लम्बी- लम्बी सांसें लो तथा यह भावना करो कि टहलने से 2. टहलते समय नाक से लम्बी- लम्बी सांसें लो तथा यह भावना करो कि टहलने से आप अपने स्वास्थ्य को संवार रहे हैं।

टहलने के अलावा, दौडऩा, साइकिल चलाना, घुड़सवारी, तैरना या कोई भी खेलकूद, व्यायाम के अच्छे उपाय हैं। स्त्रियां चक्की पीसना,,रस्सीकूदना, पानी भरना, झाडू- पोछा लगाना आदि घर के कामों में भी अच्छा व्यायाम कर सकती हैं। रोज थोड़े समय छोटे बच्चों के साथ खेलना, 10- 15 मिनट खुलकर हंसना भी अच्छे व्यायाम के अंग हैं।


प्रातः टहलने के बाद भूख अच्छी लगती है। इस समय पौष्टिक पदार्थों का सेवन करें। अंकुरित अन्न, भीगी मूंगफली, आंवला या इससे बना कोई पदार्थ, संतरा या मौसम्मी का रस अच्छे नाश्ता का अंग होते हैं। भोजन सादा करो एवं उसे प्रसाद रूप में ग्रहण करो, शांत, प्रसन्न और निश्चिन्तता पूर्वक करो और उसे अच्छी तरह चबाचबा कर खाओ। खाते समय न बात करो और न हंसो। एकाग्र चित्त होकर भोजन करना चाहिए। भूख से कम खाओ अथवा आधा पेट खाओ, चौथाई पानी के लिए एवं चौथाई पेट हवा के लिए खाली छोड़ो।

भोजन में रोज अंकुरित अन्न अवश्य शामिल करो। अंकुरित अन्न में पौष्टिकता एवं खनिज लवण गुणात्मक मात्रा में बढ़ जाते हैं। इनमें मूंग सर्वोत्तम है। चना, अंकुरित या भीगी मूंगफली इसमें थोड़ी मेथी दाना एवं चुटकी भर- अजवायन मिला लें तो यह कई रोगों का प्रतिरोधक एवं प्रभावी ईलाज है।

मौसम की ताजा हरी सब्जी और ताजे फल खूब खाओ। जितना हो सके कच्चे खाओ अन्यथा आधी उबली/ उबली तथा कम मिर्च- मसाले, खटाई की सब्जियां खाओ। एक ग्रास रोटी के साथ चार ग्रास सब्जी के अनुपात का प्रयास रखो।

आटा चोकर समेत खाओ, सम्भव हो तो हाथ का पिसा हुआ खाओ। जौ, गेहूं, चना, सोयाबीन का मिस्सी रोटी का आटा सुपाच्य एवं पौष्टिक होता है। पौष्टिकता की दृष्टि से रोटी में हरी सब्जी, पालक, मेथी, बथुआ आदि पत्तीदार सब्जी मिलाकर बनायें / खायें। दलिया / खिचड़ी में भी पत्तीदार एवं हरी सब्जियाँ मिलाकर पौष्टिकता बढ़ाई जा सकती है। सब्जियों के सूप का नित्य सेवन पौष्टिक एवं हलके भोजन का अच्छा अंग हो सकता है। भोजन के साथ पानी कम से कम पियो। दोपहर के भोजन के घंटे भर बाद पानी पियें । भोजन यदि कड़ा और रूखा हो तो 2- 4 घूंट पानी अवश्य पियें।

प्रातः उठते ही खूब पानी पियो। दोपहर भोजन के थोड़ी देर बाद छाछ और रात को सोने के पहले उष्ण दूध अमृत समान है। दिन में कम से कम दो-तीन लीटर पानी अवश्य पियो। धूम्रपान, मादक पेय- पदार्थ (जरदा, गुटखा, सॉफ्ट ड्रिंक जैसे कोकाकोला, पेप्सी इत्यादि एवं शराब आदि) सर्वथा छोड़ दो। चाय- कॉफी आदि के स्थान पर सादा ठंडा या गुनगुना पानी, नींबू पानी, छाछ, गाजर, पालक चुकन्दर, लौकी, टमाटर इत्यादि सब्जियों का एव मौसम्मी या संतरा, पपीता इत्यादि फलों के रस का उपयोग लाभकारी होता है। डाइबीटीज (शक्कर) के रोगी को शक्कर या उससे बने पदार्थों से पूर्ण परहेज करना चाहिए। फलों में अधिक मीठे फल का सेवन कम करें। फल के रस के बजाय फल खायें। मेथी दाना और करेला मधुमेह रोग की राम बाण दवा है। मैथी दाना रोज 18/24 घंटे पानी में, जहां तक संभव हो सके मिट्टी के बर्तन में भिगोयें। दूसरे दिन सुबह नाश्ते के पहले या बाद में दानामेथी का पानी पी लें। दानामेथी अंकुरित कर सलाद में या नमक, नींबू लगाकर भी खा सकते हैं।



# एरोबिक्स यानी डांस, फन, रिदम और हेल्थ

स्वस्थ और सुंदर दिखने के नुस्खे दादी मां के पिटारे से लेकर आधुनिक साजो-सामान में बिखरे पड़े हैं। प्रत्येक समय, काल में सुंदरता का पैमाना भी परि?वर्तित हुआ है। जहाँ प्राचीन समय में गहनों से लकदक, लहराती केश राशि से सुसज्जित, सजीली-लजीली सुंदरियों का वर्चस्व था तो आज टाईट जींसधारी, लंबी, दुबली, छरहरी काया सुंदरता के मानदंड में शामिल है। प्रत्येक स्त्री अपनी सुंदरता के प्रति सजग है। अधिक चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए डाइटिंग, योग, व्यायाम या एरोबिक्स का सहारा लेती है। बढ़ते हुए वजन या थुलथुल शरीर से चिंताग्रस्त, सदैव उदास और थका हुआ महसूस करने वाली स्त्रियां तथा जो अपनी व्यस्तता के कारण व्यायाम नहीं कर पाती या बेडौल काया के कारण योग क्लास, हेल्थ क्लब जाने में संकोच करने वाली स्त्रियों के लिए एरोबिक्स वरदान साबित हुआ है। एरोबिक्स यानी संगीत की धुन पर किए जाने वाले व्यायाम। एरोबिक्स करने के लिए कोई विशेष साजो-सामान की जरूरत नहीं होती। बस पर्याप्त स्थान हो, इस हेतु आप कमरे से फर्नीचर हटाकर स्थान बना सकती है। पॉप, रॉक, जाज संगीत का कोई कैसेट या कर्णप्रिय धुन तथा तेज लय वाला कोई भी कैसेट लेकर उसी आधार पर नृत्य करें। कैसेट लेते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि व्यायाम के समय जिन अंगों को रिद्?म पर थिरकन देना है उसके लिए सही रिद्?म और संगीत उस कैसेट में अवश्य हो। इन धुनों पर जॉगिंग, रनिंग, साइकिलिंग, तैराकी, जैसी गति में थिरकन की जाती है। इस हेतु जेनफौंडा द्वारा तैयार किए गए लयात्मक योग व्यायाम की कैसेट बाजार में उपलब्ध है। भारतीय सिने अभिनेत्री रेखा ने भी एरोबिक्स पर एक ऑडियो कैसेट माइंड एंड बॉडी तैयार किया है। इसमें योग और व्यायाम को लेकर एरोबिक्स के लिए धुन तैयार की है। अनीता राज, शिल्पा शेट्टी ने भी वीडियो कैसेट तैयार किए हैं। एरोबिक्स व्यायाम अकेले भी किए जा सकते हैं और समूह के साथ भी। समूह के साथ करने का अलग ही मजा है। सप्ताह में तीन-चार बार या समय उपलब्ध होने पर प्रतिदिन भी व्यायाम किया जा सकता है। वैसे भी अपेक्षाकृत इसमें बहुत ही कम समय लगता है। लगभग दस से बीस मिनट लगते हैं।

एरोबिक्स करने वाले लोगों का कहना है कि वे इस अनूठे नृत्य व्यायाम से तन-मन की प्रसन्नता महसूस करते हैं और शरीर पर जमी अनावश्यक चर्बी गायब हो जाती है। इन्हें करने के लिए कोई शिक्षक हो यह आवश्यक नहीं। एरोबिक्स के बारे में संगीत के रसिक तथा उद्योगपति का मानना है कि इस व्यायाम से उनमें अधिक चुस्ती-फुर्ती आती है और वे अधिक हल्का महसूस करते हैं। संगीत की सुमधुर आवाज तनाव, चिंता दूर करने में सहायक है। एरोबिक्स निश्चय ही जीवन में अनोखा बदलाव लाता है। होटलों, हेल्थ क्लबों, ब्यूटी पार्लर्स, यहां तक की कई लोगों ने निजी कक्षाएँ भी खोल ली हैं, जहां 100 रुपए से लेकर 5000 रुपए तक फीस वसूली जाती है। आप अपने स्टैंडर्ड के अनुसार इन कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं या घर में ही मुफ्त में इसका आनंद उठा सकते हैं।





## लाभदायक है सर्दियों में
# सिंघाड़े का सेवन



सर्दियां शुरू होते ही बाजार में सिंघाड़े आसानी से प्राप्त हो जाते है और यह खाने में बहुत स्वादिष्ट होते है। सिंघाड़ा हमारी सेहत के लिए बहुत लाभदायक होता है इसमें पाएं जानें वाले पौष्टिक तत्व हमारी शरीर को तंदरूस्त रखने में मदद करते है। सिंघाड़े में वैसे तो विटामिन बी,फाइबर और भी कई पौष्टिक तत्त्व पाएं जाते है पर विटामिन ए और सी भरपूर मात्रा में पाए जाते है जो हमारी त्वचा को सुंदर बनाने में मदद करते है। हमारे शरीर को भी शक्ति प्रदान करता है।

- सिंघाड़े का सेवन करने से त्वचा में चमक तो आती ही है और त्वचा निखारने में भी मदद करता है।
- कच्चे सिंघाड़े का सेवन करने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ जाती है।
- सर्दियों में सिंघाड़े का सेवन करना काफी लाभदायक होता है ,सिंघाड़े खाने से त्वचा तो निखरती ही है और साथ ही खुश्की की समस्या भी दूर हो जाती है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से त्वचा संबंधी सभी रोगों से छुटकारा मिलता है जैसे धूप की अल्ट्रावायलेट किरणों से भी त्वचा की रक्षा करता है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से गले में होने वाली खराश से राहत मिलती है और खांसी से भी छुटकारा मिलता है।
- सिंघाड़े का सेवन करने से हमें कई रोगों से राहत मिलती है जैसे पीलिया के रोगियों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।
- सिंघाड़े खाने से त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों से भी राहत मिलती है।

## औषधीय गुणों से भरपूर
# अजवायन



- अजीर्ण की शिकायत होने पर अजवायन का तेल तथा अर्क शीघ्र लाभ देते हैं।
- उदर शूल होने पर भी अजवायन का अर्क या तेल दें।
- दांत दर्द करते हों तो अजवायन को धीरे-धीरे चबाएं। चबाते समय दबाव कम डालें। रस निगल जाएं।
- मुंह से दुर्गंध आती हो तो भी अजवायन चबाया करें।
- सर्दी का बुखार परेशान करता हो तो अजवायन को गुड़ के साथ खाया करें। 5-6 दिनों में पूर्ण ठीक हो जाएंगे।
- जिन्हें सूतिका बुखार हो जाए, वह अजवायन का सेवन करें।
- प्रसूता नारियों को अजवायन खिलाने पर उनकी भूख खुल जाती है। उनकी पाचन शक्ति में वृद्धि होने लगती है।
- वायु गोला की शिकायत होने पर अजवायन एक चम्मच, काला नमक चौथाई चम्मच, पीस-छानकर ताजा पानी से लें।
- बार-बार पेशाब की शिकायत होने पर अजवायन तथा तिल मिलाकर रोगी को खिलाएं।
- गुर्दे का दर्द हो तो गुड़, पिसी कच्ची अजवायन, दोनों एक समान मात्रा में लें। मात्रा एक चम्मच, दिन में 4 बार।
- शरीर में शक्ति संचार करने के लिए यह चूर्ण, दिन में 2 बार, आधा चम्मच एक समय, ताजा पानी से दें।
- फोड़ा-फुंसी की सूजन होने पर नींबू के रस में अजवायन पीसकर दिन में 2 बार लेप करें।

## घर के कामकाज से
# कम होता है तनाव

अगर आप तनाव के दौर से गुजर रहे हैं तो घरेलू कामकाज कीजिए। महज 20 मिनट का घरेलू काम आपको राहत देगा। आपका तनाव भागेगा और मानसिक रूप से आप स्वस्थ महसूस करेंगे। ब्रिटेन के अनुसंधानकर्ताओं का मानना है कि सप्ताह में कम से कम एक बार घरेलू कामकाज जैसी शारीरिक गतिविधियों के जरिये तनाव को कम किया जा सकता है। इसमें साफ-सफाई, बाग-बगीचे की देखभाल, मकान का रखरखाव आदि भी शामिल हैं। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए लंदन के यूनिवर्सिटी कॉलेज के मार्क हेमर के नेतृत्व में एक अध्ययन किया गया। उन्होंने अपने अध्ययन में 20000 लोगों को शामिल किया और उनकी दिमागी हालत को जानने का प्रयास किया।

यूं तो नियमित कसरत को मानसिक स्वास्थ्य के लिए बढ़िया माना जाता है, लेकिन विशेषज्ञ कभी इस बात पर राजी नहीं हो सके कि किस तरह की और कितनी कसरत करना चाहिए।



# एलआईसी दुनिया का 10वां मूल्यवान बीमा ब्रांड

## 64772 करोड़ रुपए के मूल्यांकन के साथ देश का सबसे मजबूत ब्रांड

**मुंबई ।** विनिवेश के लिये तैयार देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड 8.656 अरब डॉलर करीब 64772 करोड़ रुपए के मूल्यांकन के साथ देश का सबसे मजबूत और बड़ा ब्रांड है। यह मूल्यांकन इसे दुनिया में तीसरा सबसे मजबूत बीमा ब्रांड बनाता है। ब्रांड को लेकर परामर्श देने वाली लंदन की ब्रांड फाइनेंस के अनुसार एलआईसी का बाजार मूल्यांकन 2022 तक 43.40 लाख करोड़ रुपए यानी 59.21 अरब डॉलर तथा 2027 तक 59.9 लाख करोड़ रुपए 78.63 अरब डॉलर होने का अनुमान है। एलआईसी 2021 में वैश्विक ब्रांड रैंकिंग में 32 स्थान की छलांग के साथ 206वें स्थान पर पहुंच गई है। ब्रांड फाइनेंस के अनुसार 2021 में 8.655 अरब डॉलर मूल्यांकन के साथ एलआईसी देश में सबसे बड़ा और मजबूत ब्रांड है। इसका मूल्यांकन 2020 में 8.11 अरब डॉलर था। यानी इसमें 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार एलआईसी अपनी प्रतिद्वंद्वी कंपनियों के मुकाबले ब्रांड की ताकत के रूप में 84.1 अंक के साथ पहले पायदान पर है। जबकि दुनिया में इटली की पोस्ट इटालियन और स्पेन की मैपफ्रे के बाद विश्व स्तर पर ब्रांड की ताकत में तीसरे स्थान पर है। साथ ही यह दुनिया में 10 सर्वाधिक मूल्यवान बीमा ब्रांड में से एक है। यह रिपोर्ट नवंबर 2021 में तैयार हुई थी लेकिन इसे अब सार्वजनिक किया गया है। यह दिलचस्प है कि जब दुनिया की 100 प्रमुखा बीमा कंपनियों का ब्रांड मूल्य 2021 में छह प्रतिशत घटकर 433 अरब डॉलर रहा, वहीं एलआईसी का ब्रांड मूल्य 6.8 प्रतिशत बढ़ा। रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष 10 में 5 चीनी बीमा कंपनियां हैं। पिंग एन इंश्योरेंस ब्रांड मूल्य में 26 प्रतिशत की गिरावट दर्ज करने के बावजूद दुनिया की सबसे मूल्यवान बीमा ब्रांड बन गयी है। शीर्ष 10 में अमेरिका की दो कंपनियां हैं, जबकि फ्रांस, जर्मनी और भारत की एक-एक कंपनियां हैं। एलआईसी एक मात्र घरेलू बीमा कंपनी है जो शीर्ष 10 में सबसे मजबूत ब्रांड और शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान बीमा ब्रांड में शामिल है।

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

## एलआईसी का आईपीओ मार्च में

### दस्तावेजों का मसौदा अगले सप्ताह दाखिल करेगी सरकार : दीपम सचिव

सरकार अगले सप्ताह तक बाजार नियामक सेबी के समक्ष जीवन बीमा निगम एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दाखिल कर सकती है। सेबी की मंजूरी के बाद कंपनी का आईपीओ मार्च में आ सकता है। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि निर्गम का एक हिस्सा एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित रखा जा सकता है। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि बीमा नियामक की मंजूरी का इंतजार है। इसके बाद शेयर बिक्री के आकार का विवरण देने वाले दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बॉर्ड सेबी की मंजूरी मिलने के बाद मार्च तक एलआईसी का आईपीओ बाजार में आ सकता है। वही उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग डीपीआईआईटी एलआईसी के सुगमता से विनिवेश के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति एफडीआई में बदलाव के लिए जल्द केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास जाएगा। डीपीआईआईटी के सचिव अनुराग जैन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मामले पर अंतर मंत्रालयी परामर्श अंतिम चरण में है। चालू वित्त वर्ष के लिए विनिवेश लक्ष्य को घटाकर 78000 करोड़ रुपए किया गया है। लेकिन इस लक्ष्य को पाने के लिए भी एलआईसी की सूचीबद्धता महत्वपूर्ण है। सरकार अब तक एयर इंडिया के निजीकरण और अन्य सरकारी उपक्रमों में अपनी हिस्सेदारी बिक्री से करीब 12000 करोड़ रुपए जुटा चुकी है। पांडेय ने कहा कि एलआईसी का अंतर्निहित मूल्य आ गया है और अब इसे भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण इरडा की मंजूरी का इंतजार है। उन्होंने कहा, सात से दस दिन के बीच एलआईसी के आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा डीआरएचपी दाखिल किया जाएगा। अनौपचारिक रूप से हम विभिन्न मुद्दों पर सेबी से चर्चा करते रहे हैं। आईपीओ के आकार का विवरण डीआरएचपी में होगा।

## बैटरी अदला-बदली सरकारी मदद के बिना सफल नहीं

### कार कंपनियां अपनी बैटरी संबंधी प्रौद्योगिकी को साझा नहीं करती

**नई दिल्ली।** भारत की प्रस्तावित बैटरी अदला-बदली नीति दिलचस्प है लेकिन सरकार के समर्थन के बिना इसे सफल कर पाना संभव नहीं है क्योंकि प्रमुख कार कंपनियां अपनी बैटरी संबंधी प्रौद्योगिकी को साझा नहीं करती हैं। ऑटोमोटिव उद्योग के एक विशेषज्ञ ने यह बात कही है। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के दौरान कहा कि सरकार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए जगह की कमी को देखते हुए देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए बैटरी की अदला-बदला नीति लाएगी।

नई नीति पर प्रतिक्रिया देते हुए ऑटोमोटिव उद्योग के विशेषज्ञ और कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंडस्ट्रियल एंड लेबर में श्रम अध्ययन के निदेशक आर्थर व्हीटन ने कहा कि बैटरी की अदला-बदला नीति का विचार दिलचस्प है, लेकिन सरकार की बड़ी भागीदारी के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने कहा, प्रमुख कार कंपनियां बैटरी से जुड़ी अपनी तकनीक या किसी भी तकनीक को साझा नहीं करती हैं और विनिमेय बैटरियों का मतलब होगा कि देश भर में बहुत सारी निरर्थक बैटरी प्रभावी होंगी। इसी को लेकर महिंद्रा एंड महिंद्रा के कार्यकारी निदेशक राजेश जेजुरिकर ने कहा कि केंद्रीय बजट 2022-23 में वित्त मंत्री द्वारा स्थायी गतिशीलता की शुरुआत करने के लिए तैयार की गई रूपरेखा भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने को बढ़ावा देगा। मर्सिडीज इंडिया के प्रबंध निदेशक मार्टिन श्वेंक ने कहा कि बैटरी की अदला-बदली की घोषणा सही दिशा में एक कदम है और एक सीमित क्षेत्र के लिए मददगार होगी।

# तेज रफ्तार पर सवार शेयर बाजार

### निवेशकों की चौतरफा लिवाली से सेंसेक्स 696 अंक उछला



**मुंबई ।** वैश्विक बाजार की तेजी के बीच देश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विकास को गति देने वाले बजट से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन भी एक प्रतिशत से अधिक की तेज रफ्तार पर सवार रहा। आईटीसी, टीसीएस, एसबीआई, रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल समेत 21 दिग्गज कंपनियों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 695.76 अंक की छलांग लगाकर 59 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 59558.33 पर और एनएसई का निफ्टी 203.15 अंक उछलकर 17780 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इस दौरान मिडकैप 1.08 प्रतिशत मजबूत होकर 25,146.13 अंक और स्मॉलकैप 1.54 फीसदी की तेज उड़ान भरकर 29,950.60 अंक पर पहुंच गया। चौतरफा लिवाली से बीएसई के सभी 19 समूहों में तेजी रही। इस दौरान बेसिक मैटेरियल्स 0.68, एफएमसीजी 0.90, वित्त 2.00, हेल्थकेयर 1.44, इंडस्ट्रियल्स 0.79, आईटी 1.22, दूरसंचार 0.87, बैंकिंग 2.08, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.50, रियल्टी 1.38 और टेक समूह के शेयरों में 1.10 फीसदी की बढ़त रही।

**तीन दिन में 2300 अंक चढ़ा सेंसेक्स :** लगातार तीन दिन में सेंसेक्स 2300 अंक से अधिक चढ़ गया है। सोमवार को इसमें 814 अंक, मंगलवार को 848 अंक की तेजी रही है। वैश्विक बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74, जर्मनी का डैक्स 0.68, जापान का निक्केई 1.68 और हांगकांग का हैंगसैंग 1.07 फीसदी चढ़ गया जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.97 फीसदी गिर गया।

**तीन दिन में निवेशकों की पूंजी 9.57 लाख करोड़ रुपए बढ़ी :** शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी के बीच निवेशकों की पूंजी 957201.52 करोड़ रुपए बढ़ गई है। बजट से पहले और बाद में भी शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बना हुआ है। शेयर बाजारों में तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी के बीच बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 957201.52 करोड़ रुपए बढ़कर 27064905.75 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इन तीन सत्रों में सेंसेक्स 2358.1 अंक चढ़ा है।

# दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री घटी

### जनवरी में 21 प्रतिशत कम बिके वाहन



**मुंबई ।** देश में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर जनवरीए 2022 में 21 प्रतिशत घट गई। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह जानकारी दी है। इक्रा ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि यह संख्या छह प्रमुख मूल उपकरण निर्माताओं ओईएम द्वारा जारी आंकड़ों पर आधारित है।

इक्रा लिमिटेड में कॉर्पोरेट रेटिंग के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्र प्रमुख रोहन कंवर गुप्ता ने कहा कि जनवरी में सालाना आधार पर दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री में कमी का कारण कीमतों में वृद्धि, ईंधन मुद्रास्फीति और ओमिक्रॉन वायरस है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर को रोकने लिए स्थानीय प्रतिबंधों से खुदरा बिक्री प्रभावित हुई है और प्रीमियम मोटरसाइकिलों के उत्पादन में आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतें अभी भी बनी हुई है।

गुप्ता ने कहा कि इन कारणों से जनवरी में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने की तुलना में घटकर 10.2 लाख इकाई की रह गई।

वही सालाना आधार पर इसमें 14 प्रतिशत की कमी आई है। इक्रा के अनुसार घरेलू बिक्री की तुलना में अफ्रीकी और लैटिन अमेरिका क्षेत्रों से स्थिर मांग उद्योग के लिए आशा की किरण बनी हुई है। जनवरीए 200 में देश से 3.5 लाख से अधिक दोपहिया वाहनों का निर्यात किया गया। दिसंबर, 2021 की तुलना में इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**बाजार समीक्षा** चालू सीजन में अनुमान से अधिक शकर उत्पादन की उम्मीद

# चीनी निर्यात 60 लाख टन का अनुमान

**इंदौर।** सरकार द्वारा चीनी निर्यात पर इस सीजन में सब्सिडी बंद किए जाने के बावजूद करीब 60 लाख टन चीनी निर्यात का अनुमान है, जो पिछले सीजन में 72 लाख टन हुआ था। दरअसल, विश्व बाजार में दाम काफी ऊंचे स्तर पर होने और वैश्विक उत्पादन में कमी से भारत को चीनी निर्यात में मदद मिल रही है।




इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के अनुसार देश में चालू सीजन 2021-22 में 314.5 लाख टन चीनी उत्पादन की संभावना है। यह उत्पादन पिछले अनुमान से लगभग 3.1 फीसदी अधिकहोगा, क्योंकि पश्चिमी महाराष्ट्र में रिकॉर्ड चीनी उत्पादन होने की उम्मीद है। इस्मा ने कहा कि महाराष्ट्र में 2021-22 में लगभग 117 लाख टन चीनी का उत्पादन होने की उम्मीद है, जबकि पिछले सीजन 2020-21 सीजन में केवल 106.50 लाख टन उत्पादन हुआ था। इस वर्ष अधिक चीनी उत्पादन मुख्य रूप से पिछले सीजन की तुलना में गन्ना क्षेत्र में लगभग 11 फीसदी की वृद्धि और बेहतर गन्ना पैदावार और चीनी की रिकवरी के कारण है। इस्मा के अनुसार इस सीजन में चीनी मिलें एथेनॉल उत्पादन के लिए करीब 34 लाख टन चीनी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस्मा ने कहा कि यदि सरकार द्वारा चीनी निर्यात पर सब्सिडी जारी रखा जाता तो निर्यात का आंकड़ा रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच सकता था, जबकि सब्सिडी बगैर भी भारत चालू सीजन में 60 लाख टन चीनी का निर्यात कर सकता है।

### वैश्विक चीनी आपूर्ति में कमी के आसार

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया स्थित चीनी और जैव ईंधन विश्लेषक ग्रीन पूल ने 2022-23 सीज़न में वैश्विक चीनी कमी का अनुमान जताया है। ग्रीन पूल के अनुसार 2021-22 में 2.03 मिलियन टन के पूर्वानुमान कमी की तुलना में 7.42 लाख टन की कमी होगी। 2022-23 में वैश्विक चीनी उत्पादन 2.02 फीसदी बढ़कर 188.98 मिलियन टन होगा, जो केंद्र-दक्षिण ब्राजील और थाईलैंड में उत्पादन में वृद्धि की संभावना को दर्शाता है। चीनी खपत 1.26 फीसदी बढ़कर 188.66 मिलियन टन होने का अनुमान लगाया जा रहा है। चीनी की कीमतें एक साल से अधिक समय से ऊंची रही हैं। उच्च कीमतें गन्ना उत्पादन विस्तार को प्रोत्साहन देती हैं, वही लागत भी तेजी से बढ़ रही है।

### ब्राजील में अनुमान से कम होगा सोयाबीन का उत्पादन

**इंदौर।** विश्व के सबसे बड़े सोया उत्पादक ब्राजील में सोयाबीन का उत्पादन पूर्वानुमान की तुलना में कम रहने की आशंका जताई है, वहीं दक्षिण अमेरिका में फसल को लेकर चिंता बढ़ी है, जबकि चीन नें 1.32 लाख टन सोयाबीन की खरीद की है। ईरान ने 60 हजार टन सोया डीओसी का टेंडर जारी किया है। इससे सोयाबीन में तेजी देखी जा रही है। सोया तेल भी मजबूत था। देश में सोयाबीन आवक 2.20 लाख व सरसों आवक 1.15 लाख बोरी की रही। जयपुर में तेल कंडीशन आधारित जूनी सरसों 250 रु बढ़कर 8275, नई 8250 रु थी। सोयाबीन प्लांट सौदों में धानुका 6400, रूचि 6325, कृति 6300, अंबिका 6400, रामा 6250, प्रकाश 6330, महाकाली 6350, प्रेस्टीज 6350, अवि 6350, खंडवा 6300, इटारसी 6350, रु । खाद्य तेल प्रति 10 किलो सोया रिफाइंड 1270-1275, साल्वेंट 1230-1235, मुंबई रिफाइंड 1260, मूंगफली तेल 1330-350, मुंबई 1340, गुजरात 1300, पाम तेल मुंबई 1225, इंदौर 1290, कपास्या तेल 1250 रु थे। **कपास्या खली-** प्रति 60 किलो इंदौर 2150, देवास-उज्जैन 2155, खंडवा-बुरहानपुर 2125-2130, अकोला 3250 रु क्विंटल थी।

### सरकारी कंपनियां 1.11 लाख करोड़ रुपए खर्च करेंगी

**नई दिल्ली।** सार्वजानिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन ओएनजीसी और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन आईओसी सहित अन्य सरकारी कंपनियां वित्त वर्ष 2022-23 में 1.11 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। ओएनजीसी, आईओसी, गेल इंडिया लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड बीपीसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एचपीसीएल और ऑयल इंडिया लिमिटेड ओआईएल सामूहिक रूप से अगले वित्त वर्ष में 7.4 प्रतिशत अधिक पूंजीगत खर्च करेंगी। बजट दस्तावेजों के अनुसार, 2022-23 में 1.11 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय चालू वित्त वर्ष के लिए 1.04 लाख करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान की तुलना के आधार पर है।

## लोक उपक्रमों के माध्यम से कर्ज जुटाने के रुझान में कमी

**नई दिल्ली।** बजट में कर्ज कम दिखाने के लिए सरकारी उपक्रमों के माध्यम से कर्ज जुटाने का रुझान होता दिख रहा है। वर्ष 2022-23 के बजट में सार्वजनिक उपक्रमों के बजट के इतर स्रोतों से प्राप्त संसाधनों में 15 प्रतिशत की कमी दर्शायी गयी है। बजट-पत्रों में केंद्र लोक उपक्रमों के बजट से इतर के संसाधान 2022-23 में कर 2.14 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए संशोधित अनुमान में इन उपक्रमों का ईबीआर 2.53 लाख करोड़ रुपए दिखाया गया है। लोक उपक्रमों का ईबीआर मुख्यतः उनके द्वारा बाजार से लिए गए कर्ज को परिलक्षित करता है। भारतीय स्टेट बैंक के एक विश्लेषण के अनुसार इस दौरान कुछ क्षेत्रों के लोक उपक्रमों का उपक्रम बढ़ा है और कुछ का घटा है। कोयला, आवास एवं शहरी मामले, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा बिजली क्षेत्र के उपक्रमों का ईबीआर बढ़ा है जबकि इस्पात और अन्य क्षेत्र के उपक्रमों के ईबीआर में कमी आयी है।

## जनवरी में निर्यात 23.69 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का वस्तुओं का निर्यात गत जनवरी माह के दौरान 23.69 प्रतिशत बढ़कर 34.06 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम और रत्न व आभूषण क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात में उक्त बढ़ोतरी हुई है।

हालांकि, जनवरी माह के दौरान देश का व्यापार घाटा भी बढ़कर 17.94 अरब डॉलर पहुंच गया है। वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा जारी शुरुआती आंकड़ों से यह जानकारी दी गई है। मंत्रालय के आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी महीने के दौरान देश का विदेशी आयात भी 23.74 प्रतिशत बढ़कर 52.01 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। इस वजह से विदेशी व्यापार घाटा भी बढ़कर 17.94 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले साल जनवरी 2021 में विदेशी व्यापार घाटा 14.49 अरब डॉलर का रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान निर्यात 46.53 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 335.44 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 228.9 अरब डॉलर रहा था।

## बजट प्रस्तावों से निर्यात बढ़ेगा

### विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा : निर्यातक

**नई दिल्ली ।** बजट में आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना ईसीएलजीएस को विस्तार, विशेष आर्थिक क्षेत्रों सेज के लिए नए कानून और 100 कार्गो टर्मिनल स्थापित करने के प्रस्ताव देश से निर्यात बढ़ाने में मदद करेंगे और साथ ही इससे आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा।

निर्यातकों और उद्योग ने यह राय जताई है। ब्रिक्स कृषि कारोबार परिषद के चेयरमैन विक्रमजीत साहनी ने कहा कि तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहन की घोषणा से घरेलू उद्योग आगे बढ़ेगा। फिलहाल उद्योग अपनी 60 प्रतिशत तिलहन की जरूरत को आयात से पूरा कर रहा है।

साहनी ने कहा, कृषि क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों तथा कृषि उपज मूल्य श्रृंखला के ग्रामीण उपक्रमों के वित्तपोषण के लिए नाबार्ड के जरिये विशेष कोष का प्रस्ताव किया गया है, इससे भी देश में औद्योगिक वृद्धि को प्रोत्साहन मिलेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ फियो के अध्यक्ष ए. शक्तिवेल ने कहा कि आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना को 50000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त व्यय के साथ 2022-23 के लिए आगे बढ़ाया गया है। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों के लिए ऋण गारंटी न्यास सीजीटीएमएसई के तहत दो लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त ऋण प्रावधान किया गया है। इन घोषणाओं से उद्योग को काफी फायदा होगा। भारतीय व्यापार संवर्द्धन परिषद टीपीसीआई ने एक बयान में कहा कि आम बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार, डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण पर केंद्रित है। सेज में सुधार काफी समय से लंबित था। हमें खुशी है कि सरकार ने अब इस दिशा में कदम उठाया है।

# टल सकता है बीपीसीएल का निजीकरण

### तीसरी तिमाही में कोई खरीदार नहीं आया

**नई दिल्ली ।** देश की दूसरी सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन बीपीसीएल का निजीकरण अगले वित्त वर्ष तक टल सकता है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कोई खरीदार बीपीसीएल के परिसर में नहीं आया। सरकार बीपीसीएल में अपनी समूची 52.98 प्रतिशत की हिस्सेदारी बेचने की तैयारी कर रही है। इसके लिए अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह सहित तीन कंपनियों से रुचि पत्र मिला है। कंपनी के लिए वित्तीय बोलियां अभी तक नहीं मांगी गई हैं। बीपीसीएल के निदेशक वित्त वीआरके गुप्ता ने कहा कि कंपनी सरकार की हिस्सेदारी खरीदने की इच्छुक कंपनियों के ब्योरे का लगातार अद्यतन करती है और उनके सवालों का जवाब भी देती है। उन्होंने कहा, तीसरी तिमाही में कंपनी के लिए कोई खरीदार परिसर में नहीं आया और स्थिति यथावत है। गुप्ता ने स्पष्ट किया कि विनिवेश प्रक्रिया में हमारी कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है। जांच-परख के लिए जो भी ब्योरा चाहिए वह उपलब्ध है। प्रत्येक तिमाही हम पोर्टल पर इस ब्योरे का अद्यतन करते हैं। गुप्ता के इस बयान से यह भी स्पष्ट होता है कि या तो तीनों बोलीदाताओं ने जांच.पड़ताल का काम पूरा कर लिया है या वे अभी रुके हुए हैं।

### 350 वस्तुओं पर सीमा शुल्क छूट वापस

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 2022-23 के बजट में करीब 350 वस्तुओं पर से सीमा शुल्क छूट वापस ले ली है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड सीबीआइसी ने ट्वीट कर कहा कि पूंजीगत वस्तुओं और आयात की जानी वाली वस्तुओं पर दी जा रही सीमा शुल्क छूट की व्यापक समीक्षा की गई और 40 से अधिक सीमा शुल्क छूटों को धीरे-धीरे समाप्त किया जाएगा। सीबीआइसी ने कहा कि इसी के साथ 350 वस्तुओं पर दी जा रही सीमा शुल्क छूट वापस ले ली जा रही है। बजट में कई सामानों पर सीमा शुल्क दर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें पूंजीगत वस्तुओं और परियोजना आयात पर शुल्क को रियायती दरों को चरणबद्ध रूप से समाप्त करके और 7.5 प्रतिशत का एक मध्यम कर लागू करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। हालांकि, देश के भीतर निर्मित नहीं होने वाली उन्नत मशीनरी के लिए सीमा शुल्क में छूट जारी रहेगी।

# संरचनात्मक सुधारों पर घोषणाओं की कमी

### बजट में घाटे का लक्ष्य अनुमान से अधिक : फिच

**नई दिल्ली।** भारत का 2022-23 का बजट पूंजीगत व्यय में तेज वृद्धि के साथ चल रहे आर्थिक पुनरुद्धार को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। हालांकि, वृद्धि को गति देने वाले संरचनात्मक सुधारों की घोषणाओं के मामले में इसमें ज्यादा कुछ नहीं है। रेटिंग एजेंसी फिच ने बुधवार को यह कहा।

फिच रेटिंग्स के निदेशक और प्राथमिक सरकारी साख विश्लेषक जेरेमी जूक ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में घाटे का लक्ष्य हमारे अनुमान से अधिक हैं। जब हमने भारत को बीबीबी नकारात्मक रेटिंग दी थी, घाटे का अनुमान कम रखा था। इस बात की पूरी उम्मीद थी कि 2021-22 में राजकोषीय घाटा जीडीपी सकल घरेलू उत्पाद के 6.8 प्रतिशत से कम रहेगा। हालांकि, बजट में इसके 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। फिच ने कहा, हमारा अनुमान था कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा पिछले साल के बजटीय लक्ष्य से कम होगा लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा। बजट में इसके जीडीपी का 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है जबकि हमारा अनुमान था कि यह 6.6 प्रतिशत रहेगा। सीतारमण ने 39.45 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इसमें अर्थव्यवस्था को गति देने के इरादे से राजमार्ग से लेकर सस्ते मकानों के लिये आवंटन बढ़ाया गया है।

जूक ने कहा, इस बजट में सरकार का जोर मौजूदा आर्थिक पुनरुद्धार को गति देना है। इसके लिये पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की गयी है। उन्होंने कहा कि हालांकि वृद्धि को गति देने वाले संरचनात्मक सुधारों की घोषणाओं के मामले में ज्यादा कुछ नहीं है। फिच के अनुसार 2022-23 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद के चार प्रतिशत कर्ज से राज्यों के स्तर पर घाटे का दबाव बढ़ेगा। कुल मिलाकर इससे केंद्र एवं राज्यों के स्तर पर राजकोषीय घाटे के मोर्चे पर दबाव बढ़ा सकता है। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, रेटिंग के दृष्टिकोण से हमारा मानना है कि भारत के पास सीमित वित्तीय गुंजाइश है। हम यह आकलन करेंगे कि क्या पूंजीगत व्यय का वृद्धि पर प्रभाव घाटे की भरपाई करने और ऋण अनुपात को थोड़ा नीचे लाने को पर्याप्त है। हमारा वृद्धि अनुमान 2022-23 के लिये 10.3 प्रतिशत है। जबकि 2026-27 तक यह करीब औसतन सात प्रतिशत रहेगा। बुनियादी ढांचे पर प्रस्तावित व्यय से निकट और मध्यम अवधि में वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है।

## इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मददगार बजट

**नई दिल्ली।** उद्योग जगत ने संसद में कल पेश किये गये बजट को स्वागतयोग्य बताया और कहा कि इससे नये वित्त वर्ष में इंजीनियरिंग वस्तुओं के 134 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मददगार होगा। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष महेश देशाई ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इस वर्ष की शुरुआत इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात के लिए मजबूत रहा है। साथ ही बजट में उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया गया है। इससे इस क्षेत्र का वित्तीय वर्ष 2022-23 में 134 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। इंजीनियरिंग क्षेत्र के लिए इस बार का बजट काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बजट में संकेत दिया गया है कि अगले वित्त वर्ष में विकास को निजी निवेश, निर्यात और आपूर्ति पक्ष में सुधारों के द्वारा समर्थन दिया जाएगा। इससे आने वाले वित्त वर्ष में इंजीनियरिंग वस्तु क्षेत्र को मदद मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि आने वाले दिनों में सरकार आरओडीटीईपी और ब्याज समानीकरण के संबंध में उद्योग की मांगों पर विचार करेगी क्योंकि बजट में इन दोनों का उल्लेख नहीं किया गया है।

अंडर 19 विश्व कप

# कप्तान यश ढुल ने सेमीफाइनल में बल्ले से किए हवाई फायर, शतकीय पारी के साथ भारत फाइनल में पहुंचा

**ओसबोर्न। (एजेंसी)।**

अंडर 19 क्रिकेट टीम के कप्तान यश ढुल ने शानदार शतक के साथ अपनी प्रतिभा की एक झलक दिखायी और चौथी बार भारत को अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में पहुंच गया है। पावरहाउस भारत ने बुधवार को ऑस्बॉर्न में ऑस्ट्रेलिया पर 96 रन की जोरदार जीत दर्ज की। ढुल ने 110 ही गेंदों में 110 रनों की शानदार पारी खेली और अपने डिप्टी शेख रशीद (108 गेंदों पर 94 रन) के साथ 204 रनों की साझेदारी की। भारत ने पांच विकेट खो कर 290 रन का ऑस्ट्रेलिया का टारगेट दिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई और ऑस्ट्रेलिया को 41.5 ओवर में 194 रन पर समेट दिया।

### भारतीय कप्तान यश धुल की शानदार शतकीय पारी

कप्तान यश धुल के शानदार शतक की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया को 96 रन से हराकर लगातार चौथी बार अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। धुल ने 110 गेंद में 110 रन बनाये और उपकप्तान शेख रशीद के साथ 204 रन की साझेदारी की। रशीद ने 108 गेंद में 94 रन बनाये। दोनों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम को पांच विकेट पर 290 रन तक पहुंचाया।

### भारतीय गेंदबाजों ने किया अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया और आस्ट्रेलिया को 41 . 5 ओवर में 194 रन पर आउट कर दिया। आस्ट्रेलिया के लिये सिर्फ लाचलान शॉ 51 रन बना सके लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भारत के लिये विकी ओस्तवाल ने तीन , रवि कुमार और निशांत सिंधू ने दो दो और कुशाल ताम्बे ने एक विकेट लिया। वहीं तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर ने किफायती गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 26 रन दिये। रिकॉर्ड चार बार के चैम्पियन भारत का सामना अब शनिवार को फाइनल में इंग्लैंड से होगा।



# फेडरर और नडाल की योजना सितंबर में लेवर कप में खेलने की, जानें दोनों खिलाड़ियों ने क्या कहा



**लंदन (एजेंसी)।**

रोजर फेडरर और रफेल नडाल दोनों ने कहा है कि वे लेवर कप टेनिस टूर्नामेंट के अगले चरण में खेलेंगे। फेडरर घुटने की चोट के कारण जुलाई से टेनिस से बाहर हैं जबकि नडाल ने हाल में आस्ट्रेलियाई ओपन में रिकॉर्ड 21वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है। दोनों ने गुरूवार को एक बयान में कहा कि वे लंदन में 23 से 25 सितंबर तक टीम यूरोप का प्रतिनिधित्व करेंगे। फेडरर की प्रबंधन कंपनी ने यह प्रतियोगिता शुरू की थी।

फेडरर ने कहा कि मैं इस साल के अंत में प्रतियोगिता में वापसी की कोशिश में जुटा हूं और लेवर कप मेरी योजना का हिस्सा है। नडाल ने पिछले साल उन्हें संदेश में सुझाव दिया था कि वे फिर से लेवर कप में एक साथ युगल खेल सकते हैं। 2017 में पहले लेवर कप के दौरान दोनों ने जोड़ी बनाते हुए युगल मैच जीता था।

फेडरर ने कहा कि मैं इस साल के अंत में प्रतियोगिता में वापसी की कोशिश में जुटा हूं और लेवर कप मेरी योजना का हिस्सा है। नडाल ने पिछले साल उन्हें संदेश में सुझाव दिया था कि वे फिर से लेवर कप में एक साथ युगल खेल सकते हैं। 2017 में पहले लेवर कप के दौरान दोनों ने जोड़ी बनाते हुए युगल मैच जीता था।

फेडरर ने कहा कि मैं इस साल के अंत में प्रतियोगिता में वापसी की कोशिश में जुटा हूं और लेवर कप मेरी योजना का हिस्सा है। नडाल ने पिछले साल उन्हें संदेश में सुझाव दिया था कि वे फिर से लेवर कप में एक साथ युगल खेल सकते हैं। 2017 में पहले लेवर कप के दौरान दोनों ने जोड़ी बनाते हुए युगल मैच जीता था।

# 1000वां एकदिवसीय खेलने वाली पहली टीम बनेगी टीम इंडिया

**मुबई। (एजेंसी)।**

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम छह फरवरी को मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले एकदिवसीय क्रिकेट मैच में उतरते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम करेगी। यह भारतीय टीम का 1000वां एकदिवसीय मैच होगा। भारतीय टीम इस आंकड़े तक पहुंचने वाली पहली टीम भी होगी। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में टॉस के साथ ही भारतीय टीम हजार एकदिवसीय मैचों के आंकड़े तक पहुंचने वाली पहली टीम बन जाएगी। भारत ने अब तक 999 मैच खेले हैं, जबकि 518 मुकाबलों में जीत दर्ज की है। इस दौरान उसे 431 मैचों में हार मिली और 9 मैच टाई रहे। वहीं 41 मैच बिना किसी परिणाम के समाप्त हुए।

इसमें भारत का जीत प्रतिशत 54.54 रहा है। सबसे अधिक मैच खेलने की इस सूची में भारत के बाद दूसरा नंबर ऑस्ट्रेलिया का है। उसने 958 मैच खेले हैं, जबकि पाकिस्तान ने 936, श्रीलंका ने 870 और वेस्टइंडीज ने 834 मैच खेले हैं। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने कहा है कि कोरोना महामारी के कारण तीनों एकदिवसीय मैच दर्शकों के बिना ही खाली स्टेडियम में खेले जायेंगे।

# सामने आया आईपीएल का वेन्यू, जानिए कहां होंगे मुकाबले, सौरव गांगुली ने दी जानकारी

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का अगला सत्र भारत में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आईपीएल के लीग मुकाबले महाराष्ट्र में खेले जाएंगे। जबकि प्लेऑफ मुकाबले अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होंगे। हालांकि इसकी अभी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन माना जा रहा है कि बीसीसीआई जल्द ही इस वेन्यू पर मुहर लगा सकती है।

### यूएई में हुआ था पिछला आईपीएल

आईपीएल का पिछला सत्र भारत और यूएई में खेला गया था। दरअसल, कोरोना वायरस महामारी की वजह से आईपीएल को बीच में रोकना पड़ा और फिर यूएई में इसका आयोजन किया गया। जहां पर आईपीएल का दूसरा चरण खेला गया था। लेकिन इस बार बीसीसीआई यूएई में आईपीएल का आयोजन नहीं कराना चाहता है।



बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने स्पोर्ट्स स्टार के साथ बातचीत में बताया कि आईपीएल 2022 के लीग मुकाबले महाराष्ट्र में खेले जाएंगे। जो मुंबई, नवी मुंबई और पुणे के मैदानों में होंगे। वहीं प्लेऑफ मुकाबलों के लिए वेन्यू तय नहीं हुआ है। इस मामले में अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम रेस में सबसे आगे हैं। माना जा रहा है कि जल्द ही वेन्यू तय किया जाएगा।

### भारत में ही होगा आईपीएल का आयोजन

बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि अगर कोरोना के मामले ज्यादा नहीं बढ़ते हैं तो आईपीएल का आयोजन देश में ही होगा। जहां तक वेन्यू का सवाल है। हम महाराष्ट्र में मुकाबले कराने के बारे में विचार कर रहे हैं।

### दर्शकों के बिना होंगे मुकाबले

कुछ वक्त पहले सूत्रों के हवाले से खबर सामने आई थी कि आईपीएल के आगामी सत्र का आयोजन भारत में ही होगा। इस दौरान दर्शकों के बिना मुकाबले खेले जाएंगे।

# शीतकालीन ओलंपिक : अमेरिकी खिलाड़ी सुरक्षा कारणों से स्मार्टफोन के बिना ही चीन जाएंगे

**बीजिंग ।** चीन की राजधानी बीजिंग में 4 फरवरी से शुरु हो रहे शीतकालीन ओलंपिक खेलों में शामिल होने जा रहे अमेरिकी खिलाड़ी स्मार्टफोन नहीं ले जा सकेंगे। इसकी जगह उन्हें कामचलाऊ बर्नर फोन दिये जाएंगे। सुरक्षा को देखते हुए अमेरिकी एजेंसी एफबीआई ने यह कदम उठाया है। एफबीआई ने अपने एक बयान में अमेरिकी खिलाड़ियों को सामान्य फोन ले जाने से मना कर दिया है और उसकी जगह पर प्रीपेड बर्नर फोन का उपयोग करने कहा है। बर्नर फोन वह फोन होते है जो सस्ते के साथ-साथ कामचलाऊ होते हैं इनसे केवल आप फोन कर सकते है। जब तक खिलाड़ी बीजिंग में रहेंगे तब तक वह बर्नर फोन का ही इस्तेमाल करेंगे। उसके बाद इसे तोड़ दिया जाएगा।

एफबीआई का मानना है कि चीन में उनके खिलाड़ियों के फोन के सुरक्षा फीचर्स को बग के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। इसी से बचने के लिए एफबीआई ने अमेरिकी एथलीट्स को स्मार्टफोन नहीं ले जाने को कहा है। इस आदेश के मुताबिक, अमेरिकी एथलीट्स न तो अपना स्मार्टफोन ले जा पाएंगें और उन्हें अपना फोन घर पर ही छोड़कर जाना होगा। इस फोन की जगह सभी अमेरिकी एथलीटों को बर्नर फोन इस्तेमाल करने को कहा गया है। अमेरिका के अलावा अन्य कई पश्चिमी देशों ने भी अपने एथलीटों को स्मार्टफोन ले जाने से मना किया है। गौरतलब है कि चीन ने अपने देश में एडवांस्ड टेक्नो सर्विलांस इक्विपमेंट्स इंस्टॉल किए हैं। साथ ही फेशियल रिकग्निगेशन टेक्नोलॉजी भी इस्तेमाल की जा रहा है। यह साइबर सिक्योरिटी के लिहाज से खतरनाक चीजें हैं। इसी को देखते हुए एफबीआई को चीन पर संदेह है। अमेरिका सहि कई देशें ने वैसे भी इन खेलों का कूटनीतिक बहिष्कर किया हुआ है। ऐसे में केवल खिलाड़ी ही चीन जाएंगे अधिकारी नहीं।

## टेनिस खेलते नजर आये धोनी

**मुम्बई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आजकल रांची में टेनिस खेलते नजर आ रहे हैं। धोनी अपने को फिट बनाये रखने के लिए ऐसा कर रहे हैं। इसका एक वीडियो भी सामने आया है इसमें धोनी टेनिस का अभ्यास कर रहे हैं। इस वीडियो में धोनी ब्लैक टी-शर्ट और ग्रीन कलर की पैंट में नजर आ रहे हैं। यह पहली बार नहीं है जब धोनी क्रिकेट की जगह किसी दूसरे खेल का अभ्यास कर रहे हों। कई बार उन्हें फुटबॉल, बैडमिंटन खेलते हुए देखा गया है। 40 साल के धोनी अपनी फिटनेस बनाये रखने के लिए जिम या मैदान में दौड़ लगाने की



जगह अलग-अलग प्रकार के स्पोर्ट्स खेलते हैं जिससे अपने को मानसिक और शारीरिक तौर पर फिट रख सकें। धोनी आईपीएल के इस 15 सत्र में भी सीएसके की कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में उनकी कप्तानी में टीम ने खिताब जीता था। सीएसके ने मेगा नीलामी से पहले ही धोनी सहित कुल 4 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। धोनी के अलावा रवींद्र जडेजा, ऋतुराज गायकवाड़ और मोईन अली टीम में शामिल हैं जबकि ड्वेन ब्रावो, फाफ डुप्लेसी और शार्दुल ठाकुर व दीपक चाहर को रिलीज कर दिया है। अब देखना होगा कि सीएसके नीलामी में इन्हें खरीदती है या नहीं। टीम पहले ही 4 खिलाड़ियों को रिटेन करने में 42 करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है और उसके पास अब केवल 48 करोड़ रुपए बचे हैं।

# एशेज में इंग्लैंड की करारी हार के बाद गाज गिरना शुरु, एशले जाइल्स ने दिया इस्तीफा

**लंदन (एजेंसी)।**

एशले जाइल्स ने इंग्लैंड टीम के एशेज प्रदर्शन की समीक्षा के लिए इंग्लैंड एंड वेल्स बोर्ड (ईसीबी) बोर्ड की बैठक के बाद इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट के प्रबंध निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। फिलहाल अंतरिम आधार पर जाइल्स की जगह एंड्रयू स्ट्रॉस यह पद संभालेंगे, जबकि ईसीबी फुलटाइम रिप्लेसमेंट खोजने के लिए कोशिश जारी रखेगा।एशले जाइल्स कई समय तक कप्तान एंड्र्यू स्ट्रॉस की कप्तानी में खेले भी थे।

जाइल्स, जिन्होंने 2018 में स्ट्रॉस को टीम के निदेशक की भूमिका में सफल बनाया, ने कहा कि पिछले दो साल कोरोना महामारी के साथ सामने आईं कई चुनौतियों को लेकर चुनौतीपूर्ण रहे हैं, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो बायो-बबल (जैव-सुरक्षित वातावरण) में खेलने से मानसिक रूप से थकान महसूस कर रहे हैं।

जाइल्स ने इस बारे में कहा, 'पिछले कुछ साल निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण रहे हैं, लेकिन



मुझे इस बात पर गर्व है कि हम सबसे मुश्किल परिस्थितियों में इतना कुछ करने में सक्षम रहे हैं। इसने निस्संदेह इंग्लैंड एंड वेल्स में खेल के भविष्य की रक्षा की है। इन चुनौतियों के बावजूद पिछले तीन वर्षों में हम 50 ओवर के विश्व चैंपियन बने, दुनिया में शीर्ष रैंकिंग वाली टी-20 टीम बने। हम अभी चौथी रैंक वाली टेस्ट टीम बने हुए हैं और हमारी पुरुष अंडर-19 टीम 24 साल बाद पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंची है। मैं अपने सभी खिलाड़ियों और कर्मचारियों के सफल भविष्य के लिए कामना करता हूं। मैं अब अगली चुनौती का सामना करने से पहले अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए उत्सुक हूं।'

ईसीबी के सीईओ टॉम हैरिसन ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'मैं पिछले तीन वर्षों में इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट में उनकी प्रतिबद्धता और योगदान के लिए एशले का बेहद आभारी हूं। पूरे खेल में उनका बहुत सम्मान किया जाता है और उन्होंने ईसीबी और इंग्लैंड के पुरुष क्रिकेट में बहुत बड़ा योगदान दिया है। इस सर्दी पुरुष टीम के निराशाजनक एशेज प्रदर्शन के बाद हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम अपनी टेस्ट टीम को सफल होने में सक्षम बनाने के लिए अपने खेल में परिस्थितियों को ठीक करें।' समझा जाता है कि हाल ही में समाप्त हुई एशेज सीरीज में इंग्लैंड के निराशाजनक प्रदर्शन के मद्देनजर संरचनात्मक परिवर्तन शुरू किए गए हैं। इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया से 0-4 से एशेज सीरीज हार गया था। उधर टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड के पद की भी समीक्षा की जा रही है, हालांकि उनकी भूमिका जारी रखने पर निर्णय लिया जाना बाकी है।

# फिलीपींस को हराकर कोरिया पहली बार एएफसी महिला एशियाई कप के फाइनल में पहुंचा



**पुणे।** कोरिया ने गुरूवार को यहां सेमीफाइनल में बेहतरीन खेल की बदौलत दबदबा बनाते हुए फिलीपींस को 2-0 से हराकर पहली बार एएफसी महिला एशियाई कप के फाइनल में प्रवेश किया। कोरिया के लिए चो सो ह्युन और सोन ह्वा यिओन ने पहले हाफ में गोल किए जिससे टीम ने फिलीपींस की शानदार लय तोड़ दी जिसने पहली बार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। कोरिया का सामना रविवार को फाइनल में गत चैम्पियन जापान और पूर्व चैम्पियन चीन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। फिलीपींस की टीम अपने प्रयासों के लिए गर्व कर सकती है कि उसने मैच में अपना सब कुछ दिया। अब वह पहली बार 2023 फीफा महिला विश्व कप में खेलने के लिए तैयारी में जुट सकती है। एएफसी एशियाई कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सभी टीमें सीधे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। कोरिया ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट से पहले दावेदार मानी जा रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराकर उलटफेर किया था। उसने शुरू से ही जरा भी समय बर्बाद नहीं किया और चौथे ही मिनट में गोल कर दिया। चो सो ह्युन ने किम हाई रि की कार्नर किक को फिलीपींस की गोलकीपर ओलिविया मैकडैनियल को छकाते हुए गोल कर दिया। हालांकि फिलीपींस की टीम इससे प्रभावित नहीं दिखी। पर कोरियाई खिलाड़ियों ने ज्यादातर समय गेंद पर कब्जा बनाये रखा। कोरियाई टीम बढ़त दोगुनी करने के प्रयासों में जुटी रही और 34वें मिनट में उन्हें इसका फल भी मिला जब सोन ने चो ह्यो जू के क्रास पर गोल कर दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद फिलीपींस के मुख्य कोच एलेन स्टाजसिच ने कई खिलाड़ियों को मैदान पर भेजा लेकिन वे कोरियाई गोलकीपर किम जुंग मि की चुनौती को पार नहीं कर सकीं। दूसरे हाफ में हालांकि कोरियाई टीम फिलीपींस की रक्षात्मक पंक्ति को भेद कर मौका हासिल नहीं कर सकी। पर 67वें मिनट में उन्हें एक अच्छा मौका मिला था लेकिन यह नाकाम हो गया। अंतिम 15 मिनट में कोरिया ने हमले तेज कर दिये लेकिन उसकी खिलाड़ी गोल नहीं कर सकीं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से पहले भारतीय टीम के चार खिलाड़ी कोरोना संक्रमित हुए

## धवन, ऋतुराज , अय्यर और नवदीप पॉजिटिव पाये गये, मयंक टीम में शामिल

**मुबई (एजेंसी)।**

वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 फरवरी से शुरु हो रही एकदिवसीय सीरीज से पहले भारतीय टीम को करारा झटका लगा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टीम के चार खिलाड़ी शिखर धवन, नवदीप सैनी, ऋतुराज गायकवाड़ और श्रेयस अय्यर पॉजिटिव पाये गयो हैं। इनके अलावा सहयोगी स्टाफ के भी तीन सदस्य संक्रमित हुए हैं। इस प्रकार अब तक कुल साल लोग संक्रमित हुए हैं। संक्रमित पाये गये सभी खिलाड़ियों का पहले एकदिवसीय से बाहर रहना तय हो गया है। धवन, अय्यर और ऋतुराज को एक हफ्ते के पृथकवास से गुजरना होगा। इसके बाद दो नेगेटिव आरटी-पीसीआर परिणामों के बाद ही वे टीम से जुड़ सकते हैं। बीसीसीआई ने इन हालातों को देखते हुए बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को एकदिवसीय टीम में शामिल किया है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''खिलाड़ियों में बीमारी के लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि पृथकवास खत्म होने तक वे ठीक हो जाएंगे।''

एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय टीम अभी अहमदाबाद में है जहां इन खिलाड़ियों को जांच में संक्रमित पाया गया। बीसीसीआई की मीडिया एडवाइजरी के अनुसार धवन और नवदीप का 31 जनवरी को आरटीपीसीआर टेस्ट हुआ, जिसमें दोनों ही पॉजिटिव निकले। इससे पहले 31 जनवरी को ही फील्डिंग कोच टी दिलीप और सुरक्षा अधिकारी लियोजॉन बी. लोकेश भी जांच में पॉजिटिव निकले थे। ऋतुराज की 31 जनवरी के आरटीपीसीआर टेस्ट की रिपोर्ट नेगेटिव आई थी, लेकिन 1 फरवरी के टेस्ट में वह पॉजिटिव पाए गए। वहीं श्रेयस अय्यर और स्पोर्ट्स मसाज थेरेपिस्ट राजीव कुमार की 31 जनवरी और 1 फरवरी की आरटीपीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव आई थी पर 2 फरवरी को किए गए आरटीपीसीआर टेस्ट में ये दोनों पॉजिटिव पाए गए थे।

वहीं कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और कोच राहुल द्रविड़ सभी बुधवार को नेगेटिव पाए गए। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, ''बुधवार तक के उन सभी के नतीजे नेगेटिव हैं।'' जिन लोगों के नेगेटिव नतीजे आए हैं उनका अनिवार्य पृथकवास गुरुवार को पूरा होगा। गुरुवार को दोबारा नेगेटिव पाए जाने पर वे जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में प्रवेश करेंगे। अधिकारी ने कहा, ''बीसीसीआई की मेडिकल टीम के परीक्षण प्रोटोकॉल के अनुसार प्रत्येक दिन आरटी-पीसीआर परीक्षण होगा क्योंकि रेपिड एंटीजेन परीक्षण अधिकतर निर्णायक नहीं होते खिलाड़ी में लक्षण दिखने की स्थिति में स्वयं परीक्षण करने के लिए टीम को रेपिड एंटीजेन किट सौंपी गई हैं।'' ऐसे में उम्मीद है कि सीरीज के लिए स्टैंड बाई रखे गये एम शाहरूख खान, आर साई किशोर और ऋषि धवन को भी अब टीम में शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार के तौर पर टी20 टीम के विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर को भी मौका दिया जा सकता है।



### भारत वेस्टइंडीज एकदिवसीय सीरीज का कार्यक्रम

| तारीख | मैच | वेन्यू | समय |
|---|---|---|---|
| 6 फरवरी | पहला एकदिवसीय | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद | दोपहर 1:30 बजे से |
| 9 फरवरी | दूसरा एकदिवसीय | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद | दोपहर 1:30 बजे से |
| 11 फरवरी | तीसरा एकदिवसीय | नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद | दोपहर 1:30 बजे से |

# सिक्किम की समग्र सम्पन्नता तक क्रान्ति की मशाल जलाना है



श्री प्रेम सिंह तमांग (गोले)
माननीय अध्यक्ष
सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा एवं
मुख्यमंत्री, सिक्किम सरकार



श्रीमती कला राई
अध्यक्ष
सिक्किम क्रांतिकारी महिला मोर्चा

## सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के 10वें स्थापना दिवस पर सम्पूर्ण सिक्किमी जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को

## हार्दिक मंगलमय शुभकामना



श्री प्रेम सिंह तमांग (गोले)
माननीय अध्यक्ष
सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा एवं
मुख्यमंत्री, सिक्किम सरकार

## सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्माननीय पार्टी अध्यक्ष को

## हार्दिक मंगलमय शुभकामना

# जब तक सिक्किम का प्रत्येक घर आत्मनिर्भर नहीं बन जाता है मेरी क्रान्ति जारी रहेगी

## सम्माननीय अध्यक्ष महोदय

आपके कुशल नेतृत्व और सफल मार्गदर्शन में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी आज सिक्किम की सुरक्षा, सद्भावना और एकता की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित होकर विकास की नई ऊँचाइयों को पाने में सफल हो रहा है जिसके लिए हम सभी क्रांतिकारी सदस्यों की ओर से आपको बधाई एवं शुभकामना देता हूं।

आपके सफल नेतृत्व के परिणामस्वरूप हमने वैश्विक महामारी के बीच राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि के साथ ही अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल किया है।

सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी के 10वें स्थापना दिवस पर सम्पूर्ण सिक्किमी समाज और पार्टी के कार्यकर्ता के साथ ही सभी लोगों को हार्दिक शुभकामना देता हूं।



श्री सूक हाङ लिम्बू
सीएलसी अध्यक्ष, रिंचेनपोंग
सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक : सत्येन्द्र नाथ सिंह एवं मुद्रक: नूतन वर्मा द्वारा प्राइम प्रिंटर्स, प्रिमुला कॉटेज, चर्च रोड, गंगटोक से मुद्रित एवं रतना निवास, मेट्रो प्वाइंट, नेशनल हाईवे 10, गंगटोक (पूर्व सिक्किम) से प्रकाशित।
सम्पादक - सत्येन्द्र नाथ सिंह, कार्यकारी सम्पादक - अश्विनी आनंद, मोबाइल नं. : 9474355832, 9609024017, फोन नं. : 03592-204174, पोस्टल रजि. सं. : WB/SKM/110/07-09, e-mail ID : anugamini@gmail.com